उज्जैन
गुरुवार
19
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-108
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



दावा- रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा 26 को करेंगे शादी इंटिमेट वेडिंग की तैयारी शुरू, ऑफिशियल ऐलान का फैंस को इंतजार



### भोपाल में छाए बादल, शिवपुरी-श्योपुर और मुरैना में ओलावृष्टि का अलर्ट

# मप्र में बदला मौसम, ग्वालियर-रतलाम में हुई बारिश

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्य प्रदेश में मौसम फिर बदला है। ग्वालियर, रतलाम समेत कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई। वहीं, दोपहर बाद भोपाल में बादल छा गए। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के दौरान श्योपुर, मुरैना और शिवपुरी में आकाशीय बिजली गिरने के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंदसौर, नीमच, गुना, ग्वालियर, भिंड, दतिया में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के साथ बारिश होने के भी आसार है।



वहीं रतलाम जिले के अलग-अलग इलाकों में मंगलवार रात बारिश हुई थी। 2 साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से मौसम बदलेगा। गुरुवार को भी ग्वालियर-चंबल में बारिश होने का अनुमान है। बुधवार को जिन जिलों में बारिश होने के आसार हैं, उनमें इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, धार, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर शामिल हैं। भोपाल, बड़वानी, खरगोन, देवास, सीहोर, विदिशा, सागर, दमोह, पन्ना और सतना में बादल छाए रह सकते हैं।

### गुरुवार को भी दिखेगा सिस्टम का असर

मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार को भी सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद सिस्टम कमजोर होगा। इस वजह से कहीं भी बारिश या गरज-चमक का अलर्ट नहीं है।

### अब रात में ही सर्दी का दौर

वर्तमान में प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर ही जारी रहेगा। रात और सुबह के समय सर्दी रहेगी। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से ऊपर ही रहेगा। वहीं दिन में 30 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

### उज्जैन लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

## 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया पटवारी

**ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर**

रिश्वतखोरी के मामले मध्य प्रदेश में थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन कोई न कोई रिश्वतखोर अफसर या कर्मचारी घूस लेते हुए लोकायुक्त के हत्थे चढ़ जाता है। इसी बीच उज्जैन लोकायुक्त ने बुधवार 18 फरवरी को पटवारी को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आवेदक दिनेश चंद्र जोशी निवासी ग्राम धलपत तहसील सुवासरा जिला मंदसौर ने लोकायुक्त उज्जैन से शिकायत की थी कि उसके बड़े भाई स्व। भगवती प्रसाद को कोई संतान नहीं थी। उन्होंने उसके लड़के आनंद जोशी को गोद लेकर दत्तक पुत्र बनाया था। भाई



भगवती प्रसाद के नाम पर दर्ज कृषि भूमि का नामांतरण उनके दत्तक पुत्र आनन्द के नाम से करवाने के लिए वह हल्का पटवारी हरीश पाटीदार से मिला तो पटवारी ने नामांतरण की एवज में 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की है।

### इंदौर पटना ट्रेन से बिहार शराब ले जाते तीन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## महंगे ब्रांड की 100 से अधिक बोतलें बरामद

### 500 रुपए के लालच मे फंसा बीटेक पास छात्र

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

शाजापुर जिले की शुजालपुर पुलिस ने शराबबंदी वाले राज्य बिहार में अवैध सप्लाई के लिए मध्यप्रदेश से भेजी जा रही शराब की एक बड़ी खेप को पुलिस ने पकड़ा है। बुधवार शाम शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर सीआईबी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को पकड़ा। आरोपी इंदौर-पटना एक्सप्रेस (19313) के एसी कोच का उपयोग कर महंगे ब्रांड की शराब की तस्करी कर रहे थे।

पकड़े गए आरोपियो में दो इंदौर और एक बुरहानपुर का निवासी है। इनका तस्करी का तरीका बेहद शातिराना था। ये आरोपी सड़क मार्ग से शराब लेकर शुजालपुर स्टेशन पहुंचते थे ताकि इंदौर, देवास या उज्जैन जैसे बड़े स्टेशनो पर चेकिंग से बच सकें। वही बुधवार शाम करीब 5 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर जब ये आरोपी एच-1 एसी कोच मे नंबर लॉक वाले नए ट्रॉली बैग्स चढ़ा रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। ये लोग सूटकेस को सुरक्षित कोच में चढ़ाकर बाद में बैग्स को बाथरूम या अन्य जगहो पर शिफ्ट कर देते थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार बड़े ट्रॉली सूटकेस और दो पिटू बैग जब्त किए हैं। इन बैग्स की तलाशी लेने पर 'ब्लेंडर प्राइड' सहित कई नामी और महंगे ब्रांड की 100 से अधिक शराब की बोतलें बरामद हुई हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपियो ने इसी महीने दो बार इसी रास्ते से शराब की खेप बिहार पहुंचाई थी। बिहार में शराब पर प्रतिबंध होने के कारण वहा इन बोतलों को तीन से चार गुना ऊंचे दामो पर बेचा जाता था, इसी मुनाफे के लालच मे यह पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा था। पकड़े गए आरोपियो में से बुरहानपुर निवासी एक युवक ने पूछताछ मे खुद को बीटेक डिग्री धारी बताया है। उसने बताया कि वह मात्र 500 रुपए के कमीशन के लालच मे इस काम में फंस गया।

### तेजी से बढ़ रही है बेरोजगार युवाओं की संख्या

# बेरोजगारों की संख्या 24 लाख 82 हजार से ज्यादा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में बेरोजगार युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2024 में एक जनवरी से 31 दिसंबर तक जहां एक लाख 75 हजार युवाओं ने आकांक्षी पोर्टल पर पंजीयन कराया, वहीं वर्ष 2025 में छह लाख 97 हजार ने। बता दें कि सरकार इन युवाओं को बेरोजगार नहीं बल्कि आकांक्षी युवा मानती है। प्रस्तुत जानकारी के अनुसार रोजगार कार्यालयों में वर्ष 2018 से 2025 तक तक जीवित पंजीकृत आकांक्षी युवाओं की संख्या दी गई है। हालांकि, रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत आकांक्षी आवेदनों की संख्या घट-बढ़ रही है। वर्तमान में ऐसे बेरोजगारों की संख्या 24 लाख 82 हजार से ज्यादा हो गई है।

**पांच लाख 87 हजार युवाओं ने नहीं कराया नवीनीकरण-** सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के बेरोजगार युवा सरकारी और गैर-सरकारी नौकरियों के लिए अपनी आकांक्षाओं को उच्च स्तर तक पहुंचाएं। इसके लिए आकांक्षी युवा पोर्टल पर पंजीयन कराए जा रहे हैं। विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी में सामने आया है कि प्रदेश में ऐसे पांच लाख 87 हजार आकांक्षी युवाओं ने रोजगार कार्यालय में पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया और ऐसे युवा पोर्टल से कम हो गए। जून 2019 में 31 लाख 55 लाख युवा थे जबकि जून 2025 में पंजीयन की संख्या 25 लाख 68 हजार रह गई। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि तीन वर्ष की अवधि उपरांत पंजीयन नवीनीकरण का प्रविधान है, नवीनीकरण नहीं किए जाने की स्थिति में पंजीयन निरस्त होकर कुल पंजीयन की संख्या में दर्शित नहीं होता है।

### क्या कहते हैं जिले सहित प्रदेश भर के आंकड़े

बेरोजगारों का पंजीयन


| वर्ष | पोर्टल पर पंजीकृत युवा |
|---|---|
| 2018 | 746818 |
| 2019 | 508901 |
| 2020 | 604317 |
| 2021 | 12,34454 |
| 2022 | 7,13389 |
| 2023 | 13,71134 |
| 2024 | 1,75369 |
| 2025 | 6,97478 |

वर्ष के अंत में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या

| वर्ष | आकांक्षी युवा |
|---|---|
| 2025 | 25,95,680 |
| 2024 | 26,18,312 |
| 2023 | 33,13,463 |
| 2022 | 30,64,331 |
| 2021 | 30,23,107 |

### हिमाचल सीएम सुक्खू आज जम्मू-कश्मीर जाएंगे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज श्रीनगर जा रहे हैं। वहां वे जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। केंद्र सरकार ने पहले न्यूजीलैंड, फिर यूरोपीय संघ और अब अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्र ने अमेरिका और न्यूजीलैंड के सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दी है, जबकि यूरोपीय देशों के लिए इसे 20 प्रतिशत कर दिया गया है। इस फैसले के बाद भारत के बाजारों में विदेशी सेब की आमद बढ़ने की आशंका है। इससे हिमाचल सहित जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उद्योग पर संकट गहरा सकता है।



### शिवाजी जयंती- पुणे के शिवनेरी किले में भगदड़, 3 लोग घायल

**मुंबई।** पुणे के जुन्नर इलाके में बुधवार रात शिवनेरी किले पर भगदड़ मचने से 3 लोग घायल हो गए। ये सभी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर किला पहुंचे थे। लोग हाथी दरवाजा और गणेश दरवाजा से किले के अंदर जा रहे थे। रास्ता संकरा होने से भीड़ जमा हो गई। फिर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुणे रूरल के एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि सुबह तकरीबन 3:30 बजे भीड़ अग्नि ज्योति लेकर तेजी से रेलिंग की तरफ से नीचे उतर रही थी। वहां पुलिस पहले से मौजूद थी लोगों को रोकने की कोशिश की गई लेकिन तब तक लोग एक दूसरे पर गिर गए इसमे 3 के पैर मै चोट आई है एक का पैर मुड़ गया है और 2 लोग मामूली जख्मी हैं।

### अजित पवार के बेटे बोले- वीएसआर विमान पर बैन लगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे जय पवार ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि श्रफ वेंचर्स के विमानों के उड़ने पर रोक लगा देनी चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र के बारामती में 28 जनवरी को हुए प्लेन क्रैश की पारदर्शी और पूरी जांच की मांग की। जय पवार ने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने हादसे पर सवाल उठाया। उन्होंने लिखा, प्लेन क्रैश में ब्लैक बॉक्स आसानी से नष्ट नहीं होते। महाराष्ट्र के लोगों को इस दिल दहला देने वाली त्रासदी का पूरा, पारदर्शी और बिना किसी शक के सच जानने का अधिकार है।



### फ्लाइट में हंगामा किया तो 30 दिन का बैन

**नई दिल्ली।** फ्लाइट में बदसलूकी करने वाले पैसेंजर्स को एयरलाइंस अब सीधे 30 दिन के लिए बैन कर सकेंगी। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने हंगामा करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए कड़े नियमों का सुझाव दिया है। नए प्रस्ताव में डीजीसीए सभी एयरलाइंस को पैसेंजर्स पर डायरेक्ट कार्रवाई करने की पॉवर दे रही है। मौजूदा नियमों के मुताबिक, फ्लाइट में हंगामा करने वाले पैसेंजर्स की शिकायत सामने आने पर पहले जांच कमेटी बनती थी। इस दौरान एयरलाइंस को यात्रियों पर 45 दिन तक बैन लगाने की परमीशन मिलती थी। लेकिन नए नियमों में जांच कमेटी की जरूरत नहीं है। डीजीसीए ने अपने बदले हुए नियमों में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई गई है।



## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाली युवती की मौत

**उज्जैन।** ताल के ग्राम कमारी में रहने वाली उमा पिता सेवाराम चौहान 20 साल को जहरीला पदार्थ खाने पर बिगड़ी हालत के बाद परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे थे। उमा को फ्रीगंज क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार-बुधवार रात उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जांच ताल थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### फूलप्रसादी बेचने वालों के बीच चाकूबाजी

**उज्जैन।** बडा गणेश मंदिर महाकाल क्षेत्र में बुधवार शाम फूलप्रसादी बेचने वालों के बीच चाकूबाजी हो गई। एक युवक को चाकू लगने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि दानीगेट पर रहने वाला लोकेश पिता रामू मालवीय 23 साल बडा गणेश मंदिर के पास फूलप्रसादी की दुकान लगाता है। उसके पास ही लोकेश माली की दुकान है। जिसके यहां सूरज और शेखर फूलप्रसाद की डलिया बेचने का काम करते है। शाम को फूलप्रसाद बेचने की बात पर लोकेश मालवीय का सूरज और शेखर से विवाद हो गया। दोनों ने चाकू से लोकेश मालवीय पर हमला कर दिया और भाग निकले। घायल को उपचार के लिये साथी अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर घायल लोकेश की शिकायत पर चाकू मारने वाले दोनों आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### बच्चों को निमोनिया से बचाने घर-घर जा कर रहे स्क्रीनिंग

**उज्जैन।** जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए सांस अभियान तेज कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 44 प्रति हजार जीवित जन्म है। वर्तमान में 5.1 प्रति हजार बच्चों की मौत निमोनिया से हो रही है, जिसे घटाकर 3 प्रति हजार से कम करना लक्ष्य रखा है। सीएमएचओ डॉ. अशोककुमार पटेल ने बताया कि निमोनिया से बचाव के लिए समय पर लक्षणों की पहचान बेहद जरूरी है। बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कर रहे हैं, ताकि उपचार हो सके।

### शिव सिटी से स्कूल तक 17 लाख रु. से बनेगी सीसी रोड

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 54 में बुधवार को नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने 17 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट-कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क शिव सिटी कॉलोनी से नारायण स्कूल के पीछे तक बनाई जाएगी। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुगन बाबूलाल वाघेला मौजूद रहीं। लंबे समय से क्षेत्रवासियों को कच्ची और जर्जर सड़क के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और बारिश के दौरान होने वाली दिक्कतों से भी राहत मिलेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, भाजपा कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव और पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल वाघेला उपस्थित रहे।

### हर्बल, गुलाल और जीरो वेस्ट थीम पर नगर गेर 8 मार्च को निकालेंगे

**उज्जैन।** रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को नगर निगम द्वारा निकाली जाने वाली पारंपरिक नगर गेर भव्य स्वरूप में निकाली जाएगी। तैयारियों को लेकर मंगलवार को छत्रपति शिवाजी भवन में जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी अनिल गुप्ता ने की, जिसमें गेर की रूपरेखा, व्यवस्थाएं और प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर गेर की शुरूआत महाकाल मंदिर से होगी और यह गुदरी चौराहा, पटनी बाजार होते हुए गोपाल मंदिर पर होगी। बैठक में गुप्ता ने निर्देश दिए कि परंपरा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित की जाएं तथा आवश्यक निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए।

---

**सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे, रोपवे को मिली मंजूरी, सांस्कृतिक वन भी बनेगा**

# उज्जैन में सिंहस्थ के लिए 3060 करोड़ का बजट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के लिए उज्जैन में 3,060 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का प्रावधान प्रस्तावित किया। कुल बजट 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए का है। वित्त मंत्री ने करीब 1 घंटा 30 मिनट का बजट भाषण दिया।

**सिंहस्थ आयोजन के लिए 13,851 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत-** वित्त मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की ओर से कुल 13,851 करोड़ रुपए चल रहे है। कुल 21 हजार करोड़ के कार्य शहर में होना है। नए कार्य भी इस राशि से किए जाएंगे।

**उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे को मंजूरी-** शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड



हाईवे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा नए बायपास और अन्य सड़क परियोजनाएं भी सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों के तहत शामिल की गई हैं।

- **महाकाल क्षेत्र में रोप-वे और एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण-** महाकाल क्षेत्र से जुड़े रोप-वे प्रोजेक्ट को प्रमुख निमार्णाधीन परियोजनाओं में शामिल किया गया है। उज्जैन में फोर-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।
- **उज्जैन सहित चार शहरों में बनेगा सांस्कृतिक वन-** उज्जैन, सतना, भोपाल और छतरपुर में सांस्कृतिक वन स्थापित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सांस्कृतिक और पर्यटन सुविधाओं को बढ़ावा देना है।
- **कामकाजी महिलाओं के लिए सखी-निवास की योजना-** उज्जैन सहित कई जिलों में कामकाजी महिलाओं के लिए सखी-निवास बनाए जाएंगे। इसके अलावा सड़क, पुल और शहरी परिवहन सुधार योजनाओं के तहत उज्जैन को राज्य स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार का लाभ मिलेगा।

### शहर में दो एलिवेटेड ब्रिज की परिकल्पना आकार लेगी

प्रदेश सरकार ने बुधवार को जारी बजट में सिंहस्थ -2028 में भीड प्रबंधन एवं उज्जैन शहर को सुव्यवस्थित एवं सुगम यातायात देने के लिए एक हजार करोड के दो एलिवेटेड ब्रिज के लिए राशि स्वीकृत की गई हैं। सिंहस्थ में इस बार 50 करोड से अधिक श्रद्धालुओं के आने के अनुमान को देखते हुए एवं शहर में यातायात के बढते दबाव के लिए यह आवश्यक हो गया था। निकास चौराहा से बुधवारिया होते हुए इंदौर गेट तक प्रस्तावित है। बकौल कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एलिवेटेड ब्रिज को लेकर आज हुई उच्च स्तरीय बैठक में सभी प्रकार के अनुमोदन मिल चुके हैं। अब सिर्फ निविदा प्रक्रिया होगी। इसकी लंबाई डेढ़ किलोमीटर से अधिक और चौड़ाई लगभग 11 मीटर रखी गई है। इसे टू लेन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। घनी आबादी होने से पारंपरिक फ्लाईओवर मॉडल की बजाय पिलर आधारित एलिवेटेड स्ट्रक्चर प्रस्तावित किया गया है ताकि न्यूनतम भूमि अधिग्रहण में कार्य संभव हो सके। दूसरा प्रमुख एलिवेटेड ब्रिज मकोडिया आम चौराहे से चामुंडा चौराहे तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 3.5 किलोमीटर और चौड़ाई करीब 25 मीटर प्रस्तावित है। यह हिस्सा सिंहस्थ के दौरान सर्वाधिक ट्रैफिक दबाव वाले मार्गों में शामिल रहता है। इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार से हरी फाटक ब्रिज तक भी एलिवेटेड कनेक्टिविटी को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इंदौर-उज्जैन फोरलेन को सिक्स लेन में अपग्रेड किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग सिंहस्थ डिविजन इस कार्य को देख रहा है। कार्यपालन यंत्री अवनिंद्र सिंह ने सामान्य जानकारी दी और कहा कि वे हाईलेबल मिटिंग में व्यस्त हैं। लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम की टीमों ने तकनीकी सर्वे, ट्रैफिक आकलन और प्रारंभिक डिजाइन कार्य लगभग पूरा कर लिया है। इसे लेकर लगभग 1050 करोड़ रुपये के टेंडर जारी हो सकते हैं।

---


**महाकाल विवाह के बाद उज्जैन में रिसेप्शन शुरू**

# हरसिद्धि घाट पर 56 भोग, साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के बाद उज्जैन में रिसेप्शन का दौर शुरू हो गया है। बुधवार शाम महाकाल शयन आरती युवा परिवार ने हरसिद्धि मंदिर के पीछे नर्सिंग घाट पर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान को 56 प्रकार का भोग अर्पित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

यह आयोजन प्रतीकात्मक रूप से बाबा के रिसेप्शन के रूप में प्रस्तुत किया गया। रिसेप्शन स्थल पर विशाल आदियोगी और बालाजी की मूर्तियां तथा आकर्षक सेटअप लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।



महाशिवरात्रि पर्व के बाद उज्जैन में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़ी परंपराएं श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई जा रही हैं। इसी क्रम में यह भव्य भंडारा आयोजित किया गया। इस बीच, बाबा की शादी की पत्रिकाएं भी बांटी जा रही हैं। श्री महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार द्वारा 1 मार्च को भंडारे के रूप में एक और भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का भी प्रतीक है, जिसमें हर वर्ग के लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# कुख्यात बदमाश की घर में संदिग्ध मौत

**परिजनों ने लगाया पुलिस पर मारपीट का आरोप**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मंदसौर जिला अंतर्गत सीतामऊ थाना क्षेत्र के सुरजनी में कुख्यात बदमाश वाहिद खान ऊर्फ भय्यू लाला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जहां एक और यह जानकारी मिल रही हैं कि पुलिस की आमद देख फरार और इनामी बदमाश पलंग पेटी में छिप गया। वहीं भय्यू की पत्नी रुकसाना ने पुलिस पर मारपीट करके हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबित भय्यू का शव उसी के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। परिजनों के अनुसार सीतामऊ थाना पुलिस तीन से चार गाड़ियां लेकर गांव में भय्यू को पकड़ने पहुंची थी।

भय्यू घर में मौजूद था, पुलिस ने भय्यू को पकड़ा और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। परिजनों ने बीच बचाव किया। लेकिन, फिर भी पुलिस नहीं मानी ओर मारपीट करती रही। यह घटना करीब 8 बजे की बताई जा रही है। इधर पुलिस का कहना है की पुलिस भय्यू की तलाश में गई थी। लेकिन, भय्यू मौके पर नहीं मिला। वाहिद ऊर्फ भय्यू पर करीब 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज है ओर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश ओर राजस्थान पुलिस के करीब पांच मामलों में फरार चल रहा है। भय्यू के ऊपर पांच हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस लगातार गंभीर अपराधों में शामिल आरोपी की तलाश के लिए जाती रहती है। लेकिन, इस तरह की कोई घटना पुलिस के सामने घटित नहीं हुई है।

---


**मनीषा कोइराला के साथ काम करने का मिला मौका, भोपाल में चल रही शूटिंग**

# उज्जैन के होमगार्ड सैनिक रवि शर्मा फिल्म में आएंगे नजर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के होमगार्ड सैनिक रवि शर्मा जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। वे फिल्म तकदीर में आईपीएस डीसीपी शैलेश अग्रवाल की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। भोपाल में चल रही फिल्म की शूटिंग में उन्होंने अपना दो दिन का शेड्यूल पूरा किया और वापस उज्जैन लौट आए हैं। फिल्म के दूसरे शेड्यूल के लिए वे दो माह बाद मुंबई जाएंगे।

फिल्म अरबाज खान प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है, जिसमें कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। इस फिल्म में मनीषा कोइराला और अरबाज खान सहित अली अजहर और नवाब भाई जैसे कलाकारों के साथ रवि शर्मा को काम करने का मौका मिला है। रवि शर्मा ने बताया कि अब तक उन्हें करीब 10





फिल्मों में काम मिल चुका है, लेकिन इतने बड़े कलाकारों के साथ काम करने का यह पहला अवसर है।

रवि शर्मा उज्जैन में होमगार्ड सैनिक के रूप में पदस्थ हैं और इससे पहले कई नाटकों में अभिनय कर चुके हैं। उनका कहना है कि भगवान महाकाल के आशीर्वाद से उन्हें यह मौका मिला है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वे फिल्म के दूसरे शेड्यूल के लिए मुंबई जाएंगे और कुछ टीवी सीरियल में भी नजर आएंगे, जिनकी घोषणा जल्द की जाएगी।

उज्जैन
गुरुवार
19
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आपदः संपदः काले दैवादेवेति निश्चयी।
तृप्तः स्वस्थेन्द्रियो नित्यं न वान्छति न शोचति॥

**अर्थः** संपत्ति (सुख) और विपत्ति (दुःख) का समय प्रारब्धवश (पूर्व कृत कर्मों के अनुसार) है, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला संतोष और निरंतर संयमित इन्द्रियों से युक्त हो जाता है। वह न इच्छा करता है और न शोक।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में शादी समारोह में कैमरा का बैग चोरी

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान बदमाश ने वीडियोग्राफर का कैमरा और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना 12 फरवरी को पटेल धर्मशाला में हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विशाल यादव निवासी गुना पेशे से वीडियोग्राफर है। वह गुल्लन राजपूत की शादी में शूटिंग के लिए पटेल धर्मशाला आया था। विशाल ने बताया कि उसने कैमरा और बैटरियां चार्जिंग पर लगाई थीं और करीब 10 मिनट के लिए मोबाइल पर बात करने बाहर चला गया। लौटने पर उसका बैग और सामान गायब था। विशाल ने पुलिस को बताया कि बैग में सोनी अ7ट3 कैमरा बॉडी, 35 एमएम, 50 एमएम और 24-70 एमएम के तीन लेंस, एक कैमरा चार्जर, एक मोबाइल चार्जर, दो कैमरा बैटरियां और कपड़े रखे थे। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। पुलिस जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश करता और बैग लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### इंदौर में कार को लेकर धोखाधड़ी, एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में कार धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी कार मालिक के दोस्त का दोस्त था, जिसे भरोसे में लेकर कार दी गई थी, लेकिन दो महीने बाद भी कार वापस नहीं मिली तो पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक कृष्णबाग कॉलोनी निवासी करण पुत्र नानूराम सोहानी की शिकायत पर अभिनव पुत्र श्रीकांत वर्मा निवासी कैलाश वार्ड बैतूल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। करण ने बताया कि उसका दोस्त नवीन रामचंदानी है और अभिनव उसके साथ रहता था। शिकायत के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को अभिनव ने दो दिन के लिए अर्जेंट बैतूल जाने की बात कहकर कार मांगी। नवीन की सिफारिश पर करण ने उसे कार दे दी। तीन दिन बाद जब करण ने कार वापस मांगी तो आरोपी ने काम का बहाना बनाकर कुछ दिन और रुकने की बात कही।

### इंदौर के युवकों को बच्चा चोर समझकर पीटा,

**इंदौर।** रतलाम में बच्चा चोर के शक में इंदौर के कार सवारों की पिटाई का श्क्ऊरड सामने आया है। सांवलियाजी के दर्शन कर लौट रहे 6 लोगों को ग्रामीणों ने घेरकर मारपीट की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ से छुड़ाया। घटना बुधवार दोपहर जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र की सातरुंडा पुलिस चौकी अंतर्गत सिमलावदा के पास रतलाम-इंदौर फोरलेन स्थित गांव झालरापाड़ा की है। कार में सवार सभी लोग इंदौर के घाटाबिल्लौद क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कार रतलाम से इंदौर की ओर जा रही थी। दोपहर करीब 12:30 बजे झालरापाड़ा के पास एक ढाबे पर कार रुकी। उसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ बच्चों को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। अफवाह फैलते ही लोगों ने कार सवारों को बच्चा चोर गैंग समझ लिया और उन्हें पकड़ लिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। महिलाओं समेत कई लोगों ने लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। कार में कुल 6 लोग सवार थे। मारपीट के दौरान 2 लोग मौके से भाग निकले, जबकि बाकी को भीड़ ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से छुड़ाकर सभी को सातरुंडा चौकी ले गई। कार सवारों ने पुलिस को बताया कि वे राजस्थान स्थित सांवलिया जी मंदिर में दर्शन कर इंदौर लौट रहे थे।

### कोर्ट आदेश पर इंदौर निगम की कार्रवाई, मकान ढहाया

# विरोध के बीच जर्जर मकानों को तोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में बुधवार सुबह करीब 8 बजे पंढरीनाथ थाना क्षेत्र की संकरी गली में अचानक हलचल बढ़ गई। पुलिस बल के साथ पहुंची नगर निगम की टीम ने दो मकानों के चार कमरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई।

**हाथ जोड़ती रहीं महिलाएं, नहीं रुकी तोड़फोड़**



जैसे ही जेसीबी आगे बढ़ी, घरों के भीतर से महिलाएं और बच्चे बाहर निकल आए। कोई सामान समेट रहा था, तो कोई दरवाजे पर खड़ा होकर हाथ जोड़ रहा था। कुछ ही देर में रोने-बिलखने की आवाजें गूंजने लगीं।

कार्रवाई से पहले निगम कर्मचारियों ने मकान में रह रहे परिवारों का घरेलू सामान बाहर रखवाया। इसके बाद चार कमरों को तोड़ दिया गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। यह मकान पंढरीनाथ थाना के सामने स्थित सत्यनारायण मंदिर के पीछे बताए जा रहे हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि मकान पुराने और जर्जर थे तथा उन्हें तोड़ने के लिए कोर्ट का आदेश प्राप्त था।

### बच्चों की परीक्षा है, हम कहां जाएं?

मौके पर मौजूद महिलाओं ने रोते हुए कहा, ह्लहमारे पास रहने के लिए कोई दूसरा घर नहीं है। बच्चों की परीक्षा चल रही है। ऐसे समय में मकान तोड़ दिया तो हम कहां जाएंगे। परिवारों का यह भी कहना था कि उनका मकान एक मंजिला है और उस पर टीन शेड लगा है, इसलिए वह खतरनाक नहीं था। उनका आरोप है कि पास का मकान अधिक जर्जर है, लेकिन उसे नहीं तोड़ा गया।

### पैतृक संपत्ति और धोखाधड़ी का आरोप

- प्रभावित परिवारों ने दावा किया कि यह उनकी पैतृक संपत्ति है। उन्होंने इसे 14 लाख रुपए में बेचने का सौदा किया था। आरोप है कि खरीदारों ने कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए, लेकिन पूरी राशि नहीं दी। इसके बाद मकान को खतरनाक घोषित करवा कर कोर्ट के आदेश से तुड़वा दिया गया।



- नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, कार्रवाई पूरी तरह न्यायालय के आदेश के तहत की गई है। जर्जर भवनों से किसी भी संभावित हादसे को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया।
- मौके पर कार्रवाई खत्म होने के बाद गली में मलबा और बिखरा सामान पड़ा था। महिलाएं बच्चों को संभालती नजर आईं। इलाके में देर तक सन्नाटा और लोगों की भीड़ बनी रही।

### खजराना गर्भगृह में प्रवेश मामला

# थाने पहुंचा गैंगस्टर सतीश भाऊ

### टीआई ने जमीन पर बैठाकर भरवाया डोजियर नोटिस देकर छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में गैंगस्टर सतीश भाऊ और उसकी पत्नी ने खजराना गर्भगृह में जाकर दर्शन किए थे। कलेक्टर ने इस मामले में एफआईआर के आदेश दिए थे। पुलिस ने मेमोरेंडम में भाऊ और उसकी पत्नी का नाम बढ़ाया था।

खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश के मामले को लेकर पुलिस सतीश भाऊ और उसकी पत्नी की तलाश कर रही थी। पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। सख्ती देख गैंगस्टर भाऊ घबरा गया और बुधवार को अपनी पत्नी व वकीलों के साथ थाने पहुंचा। टीआई मनोज सेंधव के सामने उसने सिर झुका लिया। उसे जमीन पर बैठाकर डोजियर भरवाया गया। साथ ही मंदिर के गर्भगृह में घुसने के मामले में उसे और उसकी पत्नी को नोटिस देकर पुलिस ने छोड़ दिया।



**सजा पूरी करने के बाद धार्मिक-सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय-** सतीश भाऊ जेल से सजा पूरी करने के बाद धार्मिक और सामाजिक कामों से जुड़ गया है। उसने पत्नी को भी राजनीति में उतारा है। उसकी संस्था श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज विचार मंच के तहत नेहरू स्टेडियम के पास 19 फरवरी की शाम को सांस्कृतिक आयोजन रखा है। इसमें न सिर्फ इंदौर, बल्कि पूरे मालवा और महाराष्ट्र से कई लोग शामिल होंगे।

सतीश ने शहर में कई जगह होर्डिंग लगवाए हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी वीडियो और फोटो डाले हैं। हालांकि आयोजन नजदीक होने के चलते वह वकीलों के माध्यम से थाने पहुंच गया।

# मुक्तागिरि तीर्थ क्षेत्र में आज होगी जैनेश्वरी दीक्षाएं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

प्रदेश तीर्थ क्षेत्र मुक्तागिरी में हजारों गुरु भक्तों का होगा सेलाब नव दीक्षाएँ देखकर धन्य करेंगे अपने नयन और नमोस्तु शासन जयवंत हो गुंजायमान। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि परम पूज्य नवाचार्य आचार्य समय सागर जी संसघ के चरणों मे, प्रदेश भर से परम गुरु भक्त जन पहुंच रहे हैं। इंदौर नगर से 11 बसों से समाज जन तीर्थ क्षेत्र मुक्तागिरि पहुंच रहे हैं।

हर भक्त शीष्यों की भावना रहती है कि उन्हें पूज्य गुरुदेव के हस्त कमलों से जैनेश्वरी दीक्षा प्राप्त हो इसी स्वप्न को चरितार्थ करने हेतु निर्यापक श्रमण मुनिश्री नियम सागर महाराज, निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर महाराज, निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी महाराज, निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी शंका समाधान प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज एवं अन्य पूज्य मुनिश्री के उपसंघों से एलक एवं छुल्लक को मुनि दीक्षा ग्रहण हेतु विद्याशिरोमणि नवाचार्य आचार्यश्री समयसागर जी महाराज के चरणों मे मुनि दीक्षा के लिए भेजा गया है। संभाववित है कि 23 एलक/छुल्लक जी की मुनिदीक्षा प्रदान करेंगे। दीक्षा पूर्व आज छुल्लक महाराजों द्वारा अपने गुरुदेव समय सागर जी को आहार दान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# इंदौर में 19 से 21 फरवरी तक जलापूर्ति बाधित

## वांचू पाइंट पर पाइपलाइन बदलने के लिए 48 घंटे बंद रहेंगे नर्मदा पंप, 3 दिन नहीं आएगा पानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में नगर निगम 19 फरवरी से 48 घंटे का मेगा शटडाउन लेने जा रहा है। वांचू पाइंट पर 1200 एमएम की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने और नर्मदा प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी कार्यों के चलते यह निर्णय लिया गया है।

शटडाउन आज 19 फरवरी की सुबह से शुरू होगा, जिसके कारण 19, 20 और 21 फरवरी को शहर के कई इलाकों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। निगम ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पानी सप्लाई की व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।



नगर निगम के जलकार्य प्रभारी बबलू शर्मा ने बताया कि वांचू पाइंट पर बिछी पुरानी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे बड़ी मात्रा में पानी का अपव्यय हो रहा था। इस लाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डाली जाएगी। शटडाउन के दौरान नर्मदा प्रथम और द्वितीय चरण के सभी पंप बंद रहेंगे।

### शटडाउन के दौरान ये सात काम होंगे

- वांचू प्वाइंट पर 1200 एमएम व्यास की पाइपलाइन बदली जाएगी।
- प्रथम एवं द्वितीय चरण (180 एमएलडी) सब-स्टेशन 132 केवी, छोटी खरगोन में ट्रांसफॉर्मर ऑयल से जुड़े कार्य किए जाएंगे।
- सीटी ट्रांसफॉर्मर, आइसोलेटर और इंसुलेटर की सर्विसिंग की जाएगी।
- 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन का संधारण किया जाएगा।
- 400 केवी वीटी मोटर पंप की सर्विसिंग होगी।
- नदी में लगे सबमर्सिबल पंपों की सफाई की जाएगी।
- 363 एमएलडी भकलाई प्लांट में चैनल व क्लैरिफायर टैंक की सफाई की जाएगी।

### इन क्षेत्रों में रहेगा असर

**19 और 20 फरवरीः** अन्नपूर्णा टंकी और बिलावली टंकी क्षेत्र में सीधी जलापूर्ति बंद रहेगी।
**20 और 21 फरवरीः** अन्नपूर्णा, छत्रीबाग, राजमोहल्ला, एमओजी लाइन, लोकमान्य नगर, द्रविड़ नगर, महाराणा प्रताप नगर, जिंसी हाट मैदान, नरवल, टिंगरिया बादशाह, सुभाष चौक, सदर बाजार, गांधी हाल, मल्हार आश्रम, स्कीम-103, कुशवाह मोहल्ला, बाणगंगा और जय हिंद नगर की टंकियां खाली रहेंगी। इन क्षेत्रों में सप्लाई नहीं होगी।

## खबर एक नजर...

### 51 किलो की माला से हुआ व्यासजी का स्वागत

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित नीमनवासा के चकोर पार्क (वार्ड क्रमांक 41) में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय माहौल में समापन हुआ। कथा विश्राम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण और भक्त सुदामा के मिलन के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर समाजसेवी बंटी केलोदिया मित्र मंडली ने विशेष रूप से शिरकत की। मित्र मंडल द्वारा व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक गुरुदेव का 51 किलो वजनी गुलाब के फूलों की माला पहनाकर एवं वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही कथा के मुख्य आयोजनकर्ता बालाजी टाइल्स के संचालक संजय पवार एवं समस्त पवार परिवार का भी स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पं. महेश पुजारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित जनसमूह को सनातन धर्म के महत्व और जीवन में इसके पालन के विषय में सारगर्भित जानकारी दी। व्यास महाराज ने समाजसेवी बंटी केलोदिया को सुख-समृद्धि और यशस्वी भवः का आशीर्वाद प्रदान किया।

### घुमंतु परिवारों का सर्वे जारी, हर पात्र हितग्राही तक लाभ पहुँचाने पर जोर

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गोंदिया में विशेष सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु परिवारों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने सर्वे स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद टीम द्वारा भरे जा रहे सर्वे प्रपत्रों की जांच की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान श्री व्यास ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे कार्य में पूर्ण शुद्धता और पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि, ₹यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार सूची में दर्ज होने से न छूटे और हर जरूरतमंद का सही विवरण शासन के रिकॉर्ड में आए, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके।

### महिलाओं को टीकाकरण के महत्व तथा संतुलित पोषण संबंधी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गई

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के अंतर्गत छात्राओं ने ग्राम सुरासा में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छात्राओं द्वारा ग्राम सुरासा में विविध जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्राएँ ग्राम सुरासा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुँचीं, जहाँ गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण की प्रक्रिया संचालित होती है। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को टीकाकरण के महत्व तथा संतुलित पोषण संबंधी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गई।

तत्पश्चात छात्राओं ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सुरासा में विद्यार्थियों को पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक व्याख्यान सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रियंका त्रिपाठी तथा वन स्टॉप सेंटर से योगिता बोरासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं से




संवाद करते हुए महिलाओं से संबंधित कानूनों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी।

महाविद्यालय की संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मोघे ने छात्राओं को अनुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया। प्राणिशास्त्र विभाग से डॉ. भावना नागर ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। शिविर के तृतीय दिवस पर छात्राओं ने ग्राम सुरासा के विभिन्न मोहल्लों में सर्वे कार्य कर देश को उन्नत एवं समृद्ध बनाने हेतु आवश्यक क्षेत्रों से संबंधित जानकारी संकलित की।

बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार उपस्थित रहे। उन्होंने वार्षिक शिविर के महत्व एवं व्यक्तित्व विकास में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। इसके उपरांत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चिता सिंह बग्गा ने छात्राओं को नेत्रों की समुचित देखभाल के उपाय बताए तथा स्वास्थ्य संबंधी संवाद किया।

राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष परमार ने छात्राओं से राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गवाकर रासेयो के उद्देश्यों एवं मूल्यों से अवगत कराया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद सिन्दल ने छात्राओं को मन, चित्त, बुद्धि एवं अहंकार में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मोनिका परमार द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी मीरा यादव ने व्यक्त किया। यह विशेष शिविर छात्राओं के सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भाव के विकास की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हो रहा है।

### आगामी त्योहारो को देखते हुए पुलिस ने बल्वा ड्रील परेड रिहर्सल की

**बड़नगर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले मे आगामी त्यौहारो को शांति पूर्ण तरिके से मनाये जाने एवं क्षेत्र में कानुन व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़नगर महेन्द्र परमार के मार्गदर्शन मे थाना बडनगर अंतर्गत शासकीय कॉलेज ग्राउण्ड में बुधवार को बल्वा ड्रील की रिहर्सल परेड कराई गई । जिसमें थाना प्रभारी बडनगर अशोक कुमार पाटीदार, थाना प्रभारी इंगोरिया दिपेश व्यास, डीआरपी लाईन सुबेदार सुभाष सतपाडीया, उनि सोभाग सिंह, सउनि राजेन्द्र सिंह हाडा, सउनि सरदार सिंह भगोरा, सउनि गोवर्धन दास बैरागी, सउनि सुनिल देवके , मुकेश मीणा थाना बड़नगर , इंगोरिया और पुलिस लाइन का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## प्राचीन और नवीन खेल अवधारणाओं का महासंगम

### 'खेल सृष्टिः भारतीय दृष्टि' राष्ट्रीय सेमिनार आज, तैयारियों को लेकर कुलपति ने दिए दिशा-निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आज, 18 फरवरी को राष्ट्रीय सेमिनार ₹खेल सृष्टिः भारतीय दृष्टि₹ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस सेमिनार की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज करेंगे।

इस एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भारतीय खेल परंपरा को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर देखना है। आयोजन में प्राचीन भारतीय खेल अवधारणाओं, योग, व्यायाम परंपरा और राष्ट्र निर्माण में खेलों की भूमिका जैसे गंभीर विषयों पर मंथन होगा। सेमिनार में हिस्सा लेने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और खेल संस्थानों से प्रख्यात शिक्षाविद्, प्रशिक्षक और शोधार्थी उज्जैन पहुँच रहे हैं। आयोजन की पूर्व संध्या पर कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुलपति ने आयोजन, अतिथि सत्कार, पंजीयन और मीडिया समिति को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार भारतीय खेल चिंतन को राष्ट्रीय पटल पर रखने का एक सशक्त माध्यम है, इसलिए इसमें विश्वविद्यालय की गरिमा और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक दिखनी चाहिए। शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र चावरे ने बताया कि सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुतिकरण और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से भारतीय ज्ञान प्रणाली और खेलों के दार्शनिक पक्षों पर विमर्श किया जाएगा। बैठक में उज्जैन संभाग के क्रीड़ा अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 85 पूर्व सैनिकों का सम्मान, देशभक्ति के रंग में रंगा मंदिर प्रांगण

### एक शाम देश के वीर सपूतों के नामः पूर्व सैनिकों के सम्मान में गूंजे देशभक्ति के तराने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कानीपुरा रोड स्थित गिरिराज रतन कॉलोनी में चल रहे भगवान श्री राम दरबार एवं श्री गिरिराज जी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान भक्ति और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के तीसरे दिन 'एक शाम देश के सच्चे वीर सपूतों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के 85 सेवानिवृत्त वीर योद्धाओं का अभूतपूर्व सम्मान किया गया।

श्री गिरिराज रतन सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक अपनी गणवेश (यूनिफॉर्म) में सीने पर मेडल सजाकर पहुंचे। समिति के राहुल ठाकुर, प्रतीक यादव, आनंद मेहता, बापू दा आंजना, महेंद्र डोडिया, चेतन ठाकुर व चेतन शर्मा सहित कॉलोनी के रहवासियों ने वीर योद्धाओं पर पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। माहौल ऐसा था मानो वे आज ही युद्ध जीतकर लौटे हों।

कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश वंदना, देशभक्ति नृत्य, लेजर शो और तलवारबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। वीर योद्धा नीलेश मनोहर ने ₹मेरे देश की धरती..., डॉ. पिंकेश डफरिया व रविंद्रपाल सिंह जादौन ने ₹संदेशे आते हैं... गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं, सुभाष दुबेजी के गीत ये देश है वीर जवानों का.. पर उपस्थित जनसमूह और पूर्व सैनिक देशभक्ति के जोश में झूम उठे। पूरा क्षेत्र 'भारत माता की जय' और 'वंदेमातरम' के जयकारों से गूंज उठा।

# उज्जैन के कमलेश चांगल ने जीती मिस्टर उज्जैन डिविजन अध्यक्ष ट्रॉफी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर्व पर मेला परिसर में आयोजित संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के कमलेश चांगल ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में कमलेश ने ₹मिस्टर उज्जैन डिविजन अध्यक्ष ट्रॉफी₹ और 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया।

राज्य शरीर सौष्ठव संस्था (मप्र) और डिविजनल बॉडीबिल्डिंग संगठन उज्जैन के मार्गदर्शन में आयोजित अध्यक्ष ट्रॉफी 1 लाख 11 हजार कैश प्राइज संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में संभाग



भर के पहलवानों ने हिस्सा लिया। मध्य रात्रि तक चले मुकाबलों में नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर और देवास के 85 से अधिक शरीर साधकों ने संगीत की धुन पर मांसपेशियों का आकर्षक प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया।

मिस्टर उज्जैन डिविजन बने कमलेश चांगल (उज्जैन) ने बाइसेप्स, ट्राइसेप्स, चेस्ट और एब्डोमिनल थाई मसल्स का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेस्ट पोजर रहे मोहसिन (नीमच) - राष्ट्रभक्ति धुन पर शानदार प्रदर्शन के लिए 10 हजार रुपये नकद और खिताब अपने नाम किया। बेस्ट इंप्रूव्ड बॉडी रोहित केवट (शाजापुर), मोस्ट मस्कुलर मैन शोएब (उज्जैन) रहे।

स्पर्धा का शुभारंभ नपा अध्यक्ष संतोष ओमप्रकाश गहलोत, मेला समिति अध्यक्ष बबीता रघुवंशी, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा, राज्य इकाई अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव और पूर्व मिस्टर इंडिया (सिविल सर्विसेज) जितेंद्र सिंह कुशवाह ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नागदा-खाचरोद विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चैहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, पूर्व विधायक जितेंद्र थावरचंद गहलोत, मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन और भाजपा नेता ओमप्रकाश गहलोत थे। इस अवसर पर मुगदल घुमाने में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले पूर्व बॉडीबिल्डर संजय सुलानिया का विशिष्ट खेल अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ₹स्वामी मुस्कुराके₹ ने किया। निर्णायक मंडल में अर्जुन पंडित, इंजीनियर गजेंद्र मेहता, विकास शर्मा (पूर्व मिस्टर वेस्टर्न इंडिया), मकबूल वारसी, शैलेंद्र सिसोदिया और रेहान शेख शामिल थे। मार्शल की भूमिका जीशान खान, प्रेम सिंह ठाकुर और शाहबाज खान ने निभाई, जबकि तकनीकी सहयोग महबूब खान और आकाश परिहार ने दिया। अंत में आभार कौशल धौलपुरे ने माना।

## खबर एक नजर...

### जिला पंचायत सीईओ श्री कुमट ने ली कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट द्वारा बुधवार सुबह कलेक्टर कार्यालय सभागृह में कृषि विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री कूमट ने निर्देश दिए कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को पोर्टल पर पंजीयन कराकर जागरुक बनाए। नरवाई प्रबंधन के लिए कृषकों को जागरुक करें और नरवाई ना जलाने वाले किसानों को प्रोत्साहित करें। विकासखंड अनुसार कृषियंत्रीकरण की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में सामाकोटा परियोजना अंतर्गत कृषकों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में शिप्रा किनारे पौधारोपण की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग को विभाग की सभी योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एनआरएलएम के माध्यम से फिश पार्लर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री यू.एस. तोमर, उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक श्री पी.एस. कनेल, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

उज्जैन तहसील के ग्राम कडछली में रहने वाले राजाराम ने आवेदन दिया कि गांव में एक महिला के द्वारा उन्हें और अन्य रहवासियों द्वारा ग्रामीण आबादी की ओर आवागमन के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें गांव में आने जाने में बहुत समस्या हो रही है। इस पर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

नागदा के ग्राम निनावटखेडा निवासी जगदीश ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित शासकीय मार्ग पर एक व्यक्ति के द्वारा मकान का निर्माण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें और अन्य ग्रामवासियों को कृषि कार्य करने के लिए अपने-अपने खेतों से जाने में बहुत असुविधा हो रही है। अतः उक्त मार्ग को पुनः प्रारंभ करवाया जाए। इस पर एसडीएम नागदा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। खाचरौद के ग्राम बरथून निवासी अशोक ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा कुछ समय पूर्व कृषि भूमि क्रय की गई थी। परंतु आज दिनांक तक भूमि का नामांतरण नहीं किया गया है। इस पर एसडीएम खाचरौद को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी श्यामाबाई ने आवेदन दिया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है तथा उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्व में कई बार आवेदन किए जा चुके है परंतु उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर नगर निगम उज्जैन के आवास योजना प्रभारी अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# सिंहस्थ-2028: उज्जैन स्टेशन का होगा कायाकल्प

## क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति की बैठक: 502 करोड़ के विकास कार्य शुरू, 93 करोड़ के नए प्रस्ताव

### इंदौर-उज्जैन से दिल्ली-मुंबई के लिए वंदे भारत स्लीपर और सभी प्लेटफॉर्म पर एस्केलेटर की मांग

### अयोध्या, पटना और हावड़ा के लिए सीधी कनेक्टिविटी की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आगामी सिंहस्थ महाकुंभ-2028 को देखते हुए रेलवे ने उज्जैन में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मुंबई में संपन्न हुई 36वीं क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति की बैठक में उज्जैन के विकास का मुद्दा छाया रहा। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समिति सदस्य महेंद्र गादिया और विजय अग्रवाल ने सिंहस्थ के मद्देनजर उज्जैन के लिए 'बृहद कार्य योजना' और नई रेल सुविधाओं का प्रस्ताव रखा।

बैठक में जानकारी दी गई कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधाओं के लिए 502 करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं, जबकि 93.54 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्य प्रस्तावित हैं।

समिति सदस्यों ने धार्मिक पर्यटन और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नई ट्रेनों की पुरजोर मांग की है:

अयोध्या और पटना: इंदौर-उज्जैन से अयोध्या और उज्जैन से पटना के लिए 'अमृत भारत ट्रेन' चलाने का प्रस्ताव दिया गया। उज्जैन होकर हावड़ा के लिए भी अमृत भारत ट्रेन की मांग की गई। इंदौर-उज्जैन होकर मुंबई और दिल्ली के लिए 'वंदे भारत स्लीपर' ट्रेन शुरू करने की बात कही गई। उज्जैन से भावनगर के लिए नई ट्रेन, कोटा-नागदा मेमू का रतलाम तक विस्तार और कोटा-चौमहला ट्रेन का उज्जैन तक विस्तार करने की मांग रखी गई।

स्टेशन पर हाई-टेक सुविधाएं और क्राउड मैनेजमेंट

सिंहस्थ के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी और संभावित भीड़ (10 गुना अधिक) को देखते हुए स्टेशन पर विशेष इंतजामों की रूपरेखा रखी गई। स्टेशन के दोनों ओर सर्वसुविधायुक्त वातानुकूलित वेटिंग हॉल और होल्डिंग एरिया बनाने की मांग की गई, ताकि महिला और बाल यात्रियों को गर्मी में परेशान न होना पड़े। प्लेटफॉर्म नंबर 1 से 8 तक बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) अनिवार्य रूप से लगाने और भीड़ नियंत्रण के लिए 4 से 5 नए फुट ओवर ब्रिज बनाने का सुझाव दिया गया।

### सीएम और सांसद को सौंपे दस्तावेज, उज्जैन की बौद्ध विरासतों को सहेजने की उठी मांग

# उज्जैन को 'बौद्ध सर्किट' के रूप में विकसित करने की मांग, प्राचीन धरोहरों के संरक्षण से बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन न केवल शैव बल्कि प्राचीन बौद्ध धर्म का भी एक प्रमुख केंद्र रही है। इसी गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने और उज्जैन को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर 'बौद्ध सर्किट' के रूप में स्थापित करने के लिए भारतीय बौद्ध महासभा, उज्जैन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



संस्था के मनोज नागदेवे ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि उज्जैन की उपेक्षित बौद्ध विरासतों की ओर तत्काल ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को पूरे दस्तावेज और फाइलें सौंपी जा चुकी हैं। साथ ही, क्षेत्रीय सांसद से भी कई बार चर्चा कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, उज्जैन का बौद्ध इतिहास अत्यंत समृद्ध है। सम्राट अशोक और उज्जैन: सम्राट बनने से पहले अशोक उज्जैन के राज्यपाल रहे। सांची की विदिशा देवी से उनका विवाह हुआ और उनके पुत्र महेंद्र व पुत्री संघमित्रा (जिन्होंने श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार किया) का बचपन उज्जैन में ही बीता।

आसंदी स्तूप: उज्जैन-इंदौर मार्ग पर भगवान बुद्ध के आसन (आसंदी) स्थल पर सम्राट अशोक ने लगभग 100 फीट ऊंचा स्तूप बनवाया था। लुप्त होती धरोहर: इतिहास के पन्नों में यह भी दर्ज है कि आसंदी स्तूप के पास अर्हत भिक्खु महेंद्र और भिक्खुनी संघमित्रा की श्रीलंका से लाई गई अस्थियों पर बने स्तूप भी थे। चिंता का विषय यह है कि हाल के वर्षों में खेतों के समतलीकरण के दौरान ये ऐतिहासिक प्रमाण मिट्टी में दब गए हैं।

सुकेशिनी और महाकात्यायन: उज्जैन में ही सुकेशिनी की कथा मिलती है, जिसने अपने स्वर्ण-केश बेचकर भिक्खु संघ को दान दिया था। वहीं, इतिहास में महाकात्यायन भिक्खु को ही आगे चलकर महाकाल और भैरव जैसे नामों से जोड़ा गया।

### मेरी संवेदना सोसायटी ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर

**उज्जैन।** मेरी संवेदना सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस्कॉन मंदिर के पीछे स्थित बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए।

संस्था सचिव आभा बांठिया ने बताया कि इंदौर निवासी व महाकाल भक्त स्वाति संदीप लूणावत ने अपनी माताजी ललिता जैन एवं सुपुत्री समृद्धि के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संस्था को यह स्वेटर भेंट किए थे। इस सहयोग से बस्ती के बच्चों को ठंड से राहत मिली और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मनीषा सुराणा, राजकुमारी माहेश्वरी, संतोष सोडानी, सीता शर्मा, अंगूरबाला वर्षा सकलेचा, पिंकी जैन, तरुणा जोशी, नेहा शैतान सोलंकी तथा श्वी केयरश संस्था के कपिल जैन सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए चलाया जा रहा सांस अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाल मृत्यु में कमी लाना म.प्र. शासन का प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 16.3 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एस. आर.एस. 2003 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की 44 प्रति एक हजार जीवित जन्म है, वर्तमान में 5.1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है जिसे 3 प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि निमोनिया से होने मृत्यु को कम किए जाने के लिए समय पर लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा साथ ही निमोनिया के संबंध में जागरूकता आवश्यक है साथ ही बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाए रखने हेतु समस्त संसाधन का एकीकृत प्रबंधन किया जाना है। इसी तारतम्य में भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है।सांस अभियान की रणनीतिपांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में समुदाय एवं संस्था स्तर पर संभावित निमोनिया के प्रकरणों की सही समय पर पहचान, संशोधित प्रोटाकॉल्स अनुसार उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्था में रेफरल, छ्स्र के उपयोग को बढ़ाया। स्वास्थ्य संस्थाओं की स्न- प्रोटोकॉल अनुसार तैयारी एवं रैफर प्रकरणों का प्रबंधन। सेवा प्रदाताओं की स्थित आधारित कौशलवृद्धि। समुदाय में निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार। समुदाय में निमोनिया के प्रति कुरीतियों एवं अंधविश्वास में कमी लाए जाने, सामाजिक जागरुकता तथा व्यवहार परिवर्तन के संबंध में जानकारी प्रदाय करना।

# दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 19 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन 17 फरवरी 2026 से 19 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकताओं द्वारा विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही है। 9 माह से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण व अभियान के प्रथम चरण में एनीमिक पाए गए 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हांकन कर एनीमिक का फॉलोअप जांच एवं प्रबंधन किया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन-ए की कमी रोकना, बाल मृत्यु दर एवं रतौंधी में कमी लाना, एनिमिया फॉलोअप को सुदृढ़ करना तथा प्रथम चरण में छूटे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। इस चरण के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए का अनुपूरण किया जाएगा। साथ ही प्रथम चरण में एनिमिक पाए गए बच्चों का फॉलोअप कर उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा, जिससे कुपोषण और कमजोरी से जुड़ी समस्याओं को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।हाई रिस्क क्षेत्रों पर विशेष नजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने बताया कि अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम की सक्रिय भूमिका अहम है।

विशेष रूप से हाई रिस्क एरिया, शहरी स्लम, पहुंचविहीन क्षेत्र, खानाबदोश आबादी, ईंट भट्टे बंजारा बस्तियों और निमार्णाधीन भवनों में रहने वाले परिवारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान मॉनिटरिंग सिस्टम को भी मजबूत रखा जा रहा है।अभियान के दौरान बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। साथ ही बच्चों का एनिमिया परीक्षण किया जाएगा। मैदानी स्तर पर एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकताओं सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकाकरण सत्रों के माध्यम से अभियान का संचालन करेंगे।दस्तक दल, घर-घर पहुंचेगी टीम, जिले में दस्तक दलों के माध्यम से अधिक लक्ष्य अनुसार बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अभियान के पहले दिन वीएचएन डीयू एचएनडी सत्रों पर सेवाएं दी जाएंगी।

### यह बजट निरर्थक व निराशाजनक है-श्री पवार

**पिपलिया मंडी।** मध्य प्रदेश सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुराम सिसोदिया ने कहा कि वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने आज जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश की जनता से वादा किया था कि किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपया प्रति क्विंटल देंगे,लाड़ली बहन योजना में महिलाओं को प्रति महीने 3 हजार रुपया देंगे।

## खबर एक नजर...

### गांधी चौराहे पर एलईडी स्क्रीन लगाकर भाजपा ने सुना मध्यप्रदेश बजट

**मन्दसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों में मध्यप्रदेश बजट 2026-27 के लाइव प्रसारण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम गांधी चौराहे पर आयोजित हुआ, जहां बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और आमजन ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट को सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री कैलाश चावला और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम है। इसमें लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार करोड़, गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान और किसानों के लिए 1 लाख सोलर पंप जैसी घोषणाएं शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**मन्दसौर।** वन विभाग की टीम ने वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों के अवशेष बरामद किए गए हैं। वन विभाग को सूचना मिली थी कि रेवास देवड़ा धुंधलेश्वर महादेव मेले के दौरान वन्यजीवों के अंगों की तस्करी की जा रही है। टीम ने दबिश देकर 10 नग हत्थाजोड़ी (मॉनिटर लिजार्ड के अंग), हेजहॉग के अवशेष और तस्करी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जप्त की हैं। गिरफ्तार आरोपी सरमन पारदी और जुगतारसिंह पारदी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 28 फरवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। विभाग मामले की आगे की विवेचना कर रहा है।

### कुत्ते काटने भड़कने का मामला विधानसभा तक पहुंचा

जावरा । विधानसभा सत्र के दौरान आवारा कुत्तों के काटने का मामला उठा जिसमे चर्चा में भाग लेते हुए। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय ने कहा कि न जाने किन कारणों से कुत्ते बहुत भड़क रहे है। नगर में भी आवारा कुत्तो के कारण कई घटनाए हो चुकी है विभिन्न गंभीर घटनाएं पुलिस थाने तक पहुँच गई नगर में खुले में मांस,अंडों की बिक्री और संग्रहण किया जाता है इसके अलावा कुछ झूठन भी फेंकी जाती है जिसके खाने के कारण कुते भड़कते है और वीभत्स रूप में आ जाते है और आमजन को काटते और घायल करते है इनकी रोकथाम के लिए अवैध मांस व अंडों की खुली बिक्री पर नियंत्रण और बाजार क्षेत्र से बाहर बिक्री करने की अनुमति देने का सुझाव दिया।

---

#### हादसे के बाद लोहे के एंगल में जा घुसी कार

# रतलाम-मंदसौर फोरलेन पर कार ने स्कूटी को टक्कर मारी, दो लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र » रतलाम



रतलाम-मंदसौर फोरलेन पर नामली थाना क्षेत्र के धौंसवास के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार कार और स्कूटी की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कूटी फोरलेन के डिवाइडर के बीच जा गिरी और कार सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल को तोड़ते हुए उसमें घुस गई।

मृतकों की पहचान देवेंद्र पंवार (25) निवासी लक्कड़पीठा रतलाम और पूजा पति नरेंद्र बडगुजर निवासी आनंद कॉलोनी रतलाम के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में भाई-बहन बताए जा रहे हैं। घायल काजल पति अर्जुन (35) निवासी बरगड़ जावरा के पास की रहने वाली है, जिसकी हालत गंभीर है और उसे इंदौर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। तीनों रेलवे की सफाई करने वाली निजी कंपनी के कर्मचारी हैं और रतलाम स्टेशन पर काम करते थे।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार में इंदौर का एक परिवार सवार था, जो निंबाहेड़ा की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी और उसने आगे चल रही स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्कूटी उछलकर डिवाइडर के बीच जा गिरी। हादसे का सटीक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

स्कूटी पर देवेंद्र, पूजा और काजल सवार थे। टक्कर के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने देवेंद्र और पूजा को मृत घोषित कर दिया। काजल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

पहले मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। एक मृतक की जेब से आरआर एंटरप्राइजेस, पंचकूला (हरियाणा) का कार्ड मिला था, जिस पर देवेंद्र पंवार नाम लिखा था। बाद में पुलिस ने पुष्टि की कि मृतक देवेंद्र पंवार (25) निवासी लक्कड़पीठा रतलाम और पूजा पति नरेंद्र बडगुजर निवासी आनंद कॉलोनी रतलाम हैं। दोनों रिश्ते में भाई-बहन बताए जा रहे हैं।

---

### पंवासा मक्सी रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**उज्जैन।** मारवाड़ा नायक समाज के श्री संजय पवार एवं उनके सुपुत्र श्री करण पंवार द्वारा विगत 7 दिनों से पंवासा मक्सी रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें समाज जनों ने अत्यधिक संख्या में अपने उपस्थिति दर्ज करवाई। व्यास गादी पर विराजमान पंडित श्री तिवारी के मुखारबिंद से श्री भागवत कथा का वाचन किया गया । इस पुण्य कार्य में पवार परिवार में आमंत्रित कर जो सम्मान एवं पुण्य लाभ प्राप्त करवाया। उस हेतु आदरणीय श्री संजय पवार जी एवं करण पवार जी का हृदय से आभार इस अवसर पर श्री अनिल सिंदल ,दुर्गेश सिन्दल, रोहित पवार के साथ सहभागिता निभाई पुनः पवार परिवार के इस निस्वार्थ एवं धार्मिक आयोजन हेतु बधाइयां।

---

### जिला स्तरीय हज टीकाकरण शिविर संपन्न, 153 यात्रियों को लगे टीके

**मन्दसौर।** जिला हज कमेटी द्वारा बुधवार को जिला स्तरीय हज टीकाकरण एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंदसौर जिले से हज यात्रा पर जाने वाले कुल 153 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक टीके लगाए गए। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यात्रियों को मेनिनजाइटिस का टीका लगाया और ओरल पोलियो की दवा पिलाई। साथ ही ६५ वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी लगाया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज ट्रेनर चांद मोहम्मद ने यात्रियों को सऊदी अरब के कानूनों, एयरपोर्ट के नियमों और हज के अरकानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में हज कमेटी के सरपरस्त आला हाजी रफीक मुल्ला, हाफिज अब्बास और जिलाध्यक्ष शाहिद निजामी ने यात्रियों की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूमांशी चपरोत, कांता भंडारी और ललिता सांवरिया सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। जानकारी दी गई कि हज यात्री 24 अप्रैल को मुंबई से मदीना के लिए रवाना होंगे।

---

# राधा संग खेले बरसाने की होली के स्वर पर झूमे श्रद्धालु

## श्री गोवर्धननाथ मंदिर में फूल फाग व रसिया गान सम्पन्न



ब्रह्मास्त्र » मन्दसौर

श्री गोवर्धन नाथ मंदिर न्यास के तत्वावधान में आयोजित स्थानीय जीवागंज स्थित पुष्टिमार्गीय हवेली श्री गोवर्धननाथ मंदिर में फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में फूल फाग मनोरथ और ब्रज रसिया गान का आयोजन किया गया।

सायंकाल आयोजित फूल फाग मनोरथ के दौरान ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली गई। मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक दृश्य के दर्शन किए। इसके पश्चात आयोजित रसिया गान में वडोदरा (गुजरात) से आए श्री कल्याण राय प्रभु जी की हवेली के मुख्य कीर्तनिया मितेष भाई गंधर्व और उनके दल ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

मितेष भाई ने जब ब्रज के सुप्रसिद्ध रसिया च्मेरो खुल गयो बाजूबंद रसिया होली में...और च्राधा संग खेले बरसाने की होली.. छेड़ा, तो श्रद्धालु स्वयं को रोक नहीं पाए और झूमकर नृत्य करने लगे। च्मुझे मिल गयो श्याम ब्रज की गलियों में..., च्छछिया भरी छाछ पर नाच नचावे... के माध्यम से ब्रज की संस्कृति को जीवंत किया गया। च्संकटों से कह दो तुम कितने भी बड़े क्यों न हो, मेरा ठाकुर सबसे बड़ा है की गूँज पूरे पंडाल में सुनाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ ठाकुर जी, श्रीनाथजी और महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं मंदिर न्यास के सदस्यों राधा कृष्ण पारिख, हेमंत भाई शाह, प्रबोध भाई पारिख आदि ने कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुचरण बग्गा, प्रवीण सिंह मंडलोई, डॉ. घनश्याम बटवाल, और संजय गोठी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश जोशी ने किया एवं आभार प्रबोध पारिख ने व्यक्त किया।

---

### बेमौसम तेज बारिश से अफीम में भारी नुकसान चीरी हुई अफीम धुली

**मल्हारगढ़ .** क्षेत्र के बालागुड़ा,बही पार्श्वनाथ सहित गुरुवार शाम 4.30 बजे के लगभग तेज आफत की बारिश से चीरा लगाई हुई अफीम धुलगई जिससे 50 प्रतिशत नुकसान का अनुमान है किसानों की सूचना पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा बालागुड़ा पहुंचे व किसान पवन पाटिदार,पाटीदार समाज के प्रदेश प्रवक्ता एवं उन्नत किसान दिनेश पाटीदार, अरविंद पाटीदार के साथ अफीम के खेतों में पहुंचे तथा अफीम की फसल को देखा एवं किसानों से चर्चा की किसानों ने बताया कि अचानक तेज बेमोसम बारिश से चीरा लगाई हुई अफीम का दूध धूल गया इससे करीब 50 प्रतिशत का नुकसान हुवा है। साथ ही गेंहू, कटी हुई चिया,रायड़े की फसल में भी नुकसान हुवा है।

---

# सांवलियाजी के दर्शन कर लौट रहे 6 लोगों को ग्रामीणों ने घेरकर मारपीट की

ब्रह्मास्त्र » रतलाम

बच्चा चोर के शक में इंदौर के कार सवारों की पिटाई का विडियो सामने आया है। सांवलियाजी के दर्शन कर लौट रहे 6 लोगों को ग्रामीणों ने घेरकर मारपीट की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ से छुड़ाया। घटना बुधवार दोपहर जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र की सातरुंडा पुलिस चौकी अंतर्गत सिमलावदा के पास रतलाम-इंदौर फोरलेन स्थित गांव झालरापाड़ा की है। कार में सवार सभी लोग इंदौर के घाटाबिल्लौद क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक कार रतलाम से इंदौर की ओर जा रही थी। दोपहर करीब 12.30 बजे झालरापाड़ा के पास एक ढाबे पर कार रुकी। उसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ बच्चों को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। अफवाह फैलते ही लोगों ने कार सवारों को बच्चा चोर गैंग समझ लिया और उन्हें पकड़ लिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। महिलाओं समेत कई लोगों ने लात-घूंसों से जमकर मारपीट की।

कार में कुल 6 लोग सवार थे। मारपीट के दौरान 2 लोग मौके से भाग निकले, जबकि बाकी को भीड़ ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से छुड़ाकर सभी को सातरुंडा चौकी ले गई।

#### युवक बोले - ढाबे पर टॉयलेट के लिए रुके थे

कार सवारों ने पुलिस को बताया कि वे राजस्थान स्थित सांवलिया जी मंदिर में दर्शन कर इंदौर लौट रहे थे। उन्होंने सुबह 11.51 बजे रतलाम के चिकलिया टोल नाके की रसीद भी दिखाई। उनका कहना है कि ढाबे पर टॉयलेट के लिए रुके थे, तभी कुछ लोगों ने बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी।

सातरुंडा चौकी प्रभारी लोकेंद्र सिंह डाबर ने बताया कि सभी से पूछताछ की जा रही है। जिन क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं, वहां से भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल बच्चा चोरी की किसी आधिकारिक शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है।

---

### नीमच में तेज बारिश के साथ ओले गिरे

**नीमच।** जिले में तेज गर्जना के साथ बारिश व ओले गिरे जिससे ठंडी हवा का दौर शुरू हो गया मौसम विभाग के अनुमान 20 फरवरी को बारिश होने की सूचना थी लेकिन 2 दिन पूर्व ही बुधवार दोपहर तेज बारिश शुरू हो गई लगभग आधे घंटा हुई बारिश के दौरान ओले भी गिरे शहर में जहां सड़कों पर उछलते ओले दिखाई दिए. द्य वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में हुई इस बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में नुकसान की आशंका जताई गई हैद्य इस समय क्षेत्र में खेतों में गेहूं और अफीम सहित अन्य फैसले लहरा रही है लेकिन बार-बार मौसम की मार से किसानों को आघात पहुंच रहा। फिलहाल शहर व क्षेत्र में हवा में ठंडक खुल गई है जिससे लोग ठंड का इंतजाम उन्हें कपड़े पहन कर बाहर निकलने लगे हैद्य मौसम

# उपद्रव की घटना- मण्डलेश्वर उप-जेल में हंगामा: बंदियों ने जेल प्रहरियों पर किया हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मण्डलेश्वर

उपजेल के अंदर सोमवार को हुए उपद्रव की घटना के बाद 9 बंदियों के खिलाफ जेल धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। महाशिवरात्रि के पर्व पर फलाहार खिचड़ी वितरण की बात को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि बंदियों ने जेल स्टाफ पर हमला कर दिया और पथराव किया, जिसमें एक बंदी घायल हो गया था। जिसके बाद से जेल प्रबंधन हाई अलर्ट पर हुआ। मंगलवार को पूरे दिन अधिकारी विवाद के कारणों का पता लगाने में जुटे रहे। जिसमें बड़वानी से जेल अधीक्षक शेफाली तिवारी ने भी पूरे दिन थीं डेरा डाले रखा। अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की है। जबकि दो बंदियों को दूसरी जेलों में शिफ्ट कर दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेल प्रहरी आजम खान ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें शिकायत की है कि रविवार को विवाद की शुरूआत तब हुई जब बंदी यश उर्फ यशु ने जेल प्रहरी आजम खान से बदतमीजी की। जेल में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में खिचड़ी बांटी जा रही थी। तब उसने सबको खिचड़ी देने के लिए कहा। जिसको लेकर उसके साथियों ने खाना खाने से मना कर दिया और थालियां फेंकना शुरू कर दिया। जब जेल के अधिकारियों सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा, धर्मवीर उमरेया और प्रहरियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो बंदियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उन पर हमला कर दिया। बंदियों ने ईंटें जेल स्टाफ पर फेंकना शुरू कर दिया। इस पथराव के दौरान एक पत्थर दलपत नामक विचाराधीन बंदी के सिर में जा लगा जिससे वह लहूलुहान हो गया। शिकायत में कहा गया है कि स्थिति बिगड़ते देख जेल प्रशासन ने अलार्म बजाया और मण्डलेश्वर थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस और जेल स्टाफ ने मिलकर स्थिति पर काबू पाया और सभी उपद्रवी बंदियों को बैरकों में बंद किया। घायल बंदी दलपत को तत्काल मण्डलेश्वर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल लाया गया है। यश उर्फ यशु पिता आत्माराम पटेल निवासी भीकनगांव, राहुल पिता नाना निवासी कवाणा, आजम पिता कमाल खान खरगोन, दिलीप पिता शोभाराम निवासी खरगोन, अखिलेश पिता शिवराम पाटीदार निवासी ग्राम अदलपुरा हवु पिता राजेश निवास खरगोन, अजय पिता हरिराम मंसोरे निवासी ग्राम छोटी खरगोन, सुभाष पिता सीताराम निवासी ग्राम नजरपुर, राम पिता मधुसूदन, निवासीः नावघाट खेड़ी, बड़वाह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहुंच की हुआ। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि दोनों गूट आपस में लड़ाई कर रहे हैं और स्टाफ पर भी हमला कर रहे हैं।



## पहली महिला प्राचार्य बनीं प्रियंका चौहान, सर्व समाज ने किया सम्मान

**मंडलेश्वर।** ग्राम धरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरगांव में पहली बार किसी महिला द्वारा प्राचार्य पद का दायित्व संभालने का गौरव प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को प्रियंका चौहान को औपचारिक रूप से प्राचार्य पद का प्रभार सौंपा गया। यह अवसर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे ग्राम के लिए ऐतिहासिक क्षण बन गया। बुधवार को विद्यालय के खेल परिसर में ग्राम धरगांव के सर्व समाज के तत्वावधान में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात समाजजनों द्वारा प्रियंका चौहान का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया गया। उपस्थित वरिष्ठजनों ने उन्हें मां सरस्वती का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## कलेक्टर ने नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु बैठक ली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी तो देना ही है साथ ही में नशे की प्रवृत्ति से उत्पन्न होने वाली सामाजिक बुराई पर रोक लगाना जिला प्रशासन का दायित्व और कर्त्तव्य भी है यह बात कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय हेतु बैठक में कही। आज कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में हष्टह्लक्रष्ठ की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के समस्त शिक्षण संस्थान एवं शासकीय परिसर के आस पास नशीले पदार्थो की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारी के साथ साथ जिला आबकारी विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होने विशेष तौर पर नकली शराब एवं ताडी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में युवाओं को नशे से दुर रहने एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन करने,साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होने कृषि एवं संबद्ध अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्र मे निगरानी कर यह सुनिश्चित करें की कोई भी व्यक्ति जिले में नशीले पदार्थो के उत्पादन एवं खरीदी बिक्री में शामिल तो नहीं है और अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी

## रात्रि सुरक्षा के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

विगत दिनों क्षेत्र में घटित चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी बलजीत बिसेन व टीम द्वारा नवलपुरा एवं सावरिया धाम कॉलोनी में रात्रि सुरक्षा के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य कॉलोनी रहवासियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा चोरी जैसी घटनाओं की प्रभावी रोकथाम हेतु आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

संभव हो प्रत्येक घर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें। कॉलोनी स्तर पर सामूहिक रूप से रात्रि चौकीदार की व्यवस्था करें। कॉलोनी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर संबंधित बीट पुलिस अधिकारी को उसमें जोड़ा जाए। सूने मकानों में नकदी एवं आभूषण न रखें। किरायेदारों एवं घरेलू कार्य करने वाले कर्मचारियों की जानकारी अनिवार्य रूप से थाने में दर्ज कराएं। कॉलोनी में किसी भी निर्माण कार्य के दौरान कार्यरत मजदूरों की जानकारी मकान मालिक/ठेकेदार के माध्यम से पुलिस को उपलब्ध कराएं।

## हरीश पाटीदार को लोकायुक्त टीम ने 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**सुवासरा ।** पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त भोपाल मध्य प्रदेश के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन के मार्गदर्शन में उज्जैन लोकायुक्त दल द्वारा रिश्वतखोर पटवारी को ट्रैप कर रंगे हाथों पकड़ा गया दिनाँक 16 फरवरी को आवेदक दिनेश चंद्र जोशी निवासी ग्राम धलपत तहसील सुवासरा जिला मंदसौर द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की थी कि उसके बड़े भाई स्व भगवती प्रसाद को कोई संतान नहीं थी, उन्होंने उसके लड़के आनंद जोशी को गोद लेकर दत्तक पुत्र बनाया था। भाई भगवती प्रसाद के नाम पर दर्ज कृषि भूमि का नामांतरण उनके दत्तक पुत्र आनन्द के नाम से करवाने के कार्य के लिए वह हल्का पटवारी हरीश पाटीदार से मिला तो पटवारी ने नामांतरण कार्य हेतु 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की है। आवेदक की शिकायत की तस्दीक कर उज्जैन लोकायुक्त दल द्वारा ट्रैप आयोजित किया गया व आज दिनांक 18 फरवरी को आवेदक से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पटवारी हरीश पाटीदार को तहसील कार्यालय सुवासरा में रंगे पकड़ा गया। पटवारी द्वारा 10 हजार रुपये आवेदक से शिकायत दिनांक को ले लिए थे लोकायुक्त दल- निरीक्षक राजेंद्र वर्मा , आरक्षक उमेश जाटव,आरक्षक विशाल रेशमिया, आरक्षक नेहा मिश्रा, आरक्षक हितश ललावत,आरक्षक इसरार शामिल थे

## द्वादश पाट महोत्सव का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

ग्राम चोली स्थित ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी मंदिर में आयोजित द्वादश पाट महोत्सव का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महोत्सव के अंतिम पड़ाव पर सुप्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र (वृंदावन) ने अपनी विशेष शैली में ठाकुर जी के चरणों में भजनों की पुष्प अर्पित किए। रात 10 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में जैसे ही चित्र-विचित्र ने मंच संभाला, पूरा परिसर कुंज बिहारी श्री हरिदास' के उद्घोष से गूंज उठा। देर रात तक चली इस भजन संध्या में भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। 'करुणा मई, कृपा मई, मेरी दया, मई राधे', 'आओ सुनाए तुम्हे बृज की कहानी, श्याम है राजा, श्यामा है रानी', 'श्यामा जू को राज हमारे माई श्यामा जू को राज', मेरी विनती यही है राधा रानी, कृपा बरसाए रखना और कजरारे तेरे मोटे मोटे तेरे नैन भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में संतों की विशेष उपस्थिति रही। बाबा श्री अलबेली शरण जी महाराज और महंत श्री किशोरीदास जी महाराज इन संतों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की दिव्यता को और बढ़ा दिया। संतों ने अपने आशीर्वचन में ठाकुर जी की भक्ति और पाट उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वादश पाट महोत्सव के समापन अवसर पर न केवल ग्राम चोली बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति द्वारा ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया था, जो भक्तों

## गरीब, आदिवासी, किसान, युवा एवं शिक्षा स्वास्थ्य और खेल के लिए लाभकारी बजट- सांसद पाटिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट ऐतिहासिक है और अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने बजट की तारीफ करते हुए बताया कि पिछले दो वर्ष की तुलना में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 से बढ़कर 1,69,000 हो गई है, यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है, जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रस्तुत बजट प्रदेश के विकास के साथ खंडवा जिले की समग्र विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। यह बजट शहरी विकास एवं ग्रामीण विकास के संतुलित विस्तार का मार्ग प्रस्तुत करेगा। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए मुख्यमंत्री एवं वित मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बजट में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा 1 लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए १ लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1,300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास में भी बजट मिल का पत्थर साबित होगा।महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए ,700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की बैठक होगी 20 फरवरी को

**बड़वानी।** विद्युत उपभोक्ताओं कि विद्युत संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की बैठक का आयोजन 20 फरवरी को एस.टी.एम. कार्यालय, बड़वानी में प्रातः दोपहर 1 से 3 बजे तक किया गया है। बैठक में ऐसे सभी उपभोक्ता, जिनकी विद्युत बिल, मीटर, वाल्टेज, अधिक बिलिग, त्रुटि पूर्ण रिडिंग, एवं अन्य विद्युत संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। अतः ऐसे समस्त विद्युत उपभोक्ता, जिनकी शिकायते लंबित हैं, वे अपने प्रकरण से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर मंच के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत करें। शिकायत दर्ज कराने के लिए आवेदन फार्म संभागीय कार्यालय ओल्ड पावर हाउस, रणजीत क्लब के पीछे बड़वानी से निःशुल्क प्रदाय किये जायेंगे।

## शिवाजी जयंती का आयोजन आज

बड़वानी। सर्व महाराष्ट्रीय समाज, बड़वानी एवं सकल हिंदू समाज के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में 19 फरवरी गुरुवार को प्रातः 11 बजे सलूजा मैरिज गार्डन, दशहरा मैदान, बड़वानी में सामाजिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दु हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में समाजजनों की सहभागिता से शिवाजी महाराज के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सुशासन पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बड़वानी नगर के समस्त समाजजनों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



# धुरंधर 2 की शूटिंग में नियमों के उल्लंघन का आरोप

## आदित्य धर का प्रोडक्शन हाउस ब्लैकलिस्ट, बीएमसी ने की कार्रवाई

डायरेक्टर आदित्य धर के प्रोडक्शन हाउस बी62 स्टूडियोज को सोमवार को मुंबई में फिल्म धुरंधर 2 की शूटिंग की परमिशन लेने से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम ने फिल्म की शूटिंग के दौरान सुरक्षा नियमों के बार-बार उल्लंघन का आरोप लगाया है। कंपनी अब महाराष्ट्र फिल्म, स्टेज एंड कल्चरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से अनुमति नहीं ले सकेगी।

द इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बीएमसी के अधिकारियों के हवाले बताया कि बीएमसी के जोन 1 के डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर ने बी62 स्टूडियोज और दो अन्य आवेदकों कोमल पोखरियाल और नासिर खान को स्थायी रूप से ब्लैकलिस्ट करने की मंजूरी दे दी है।

**1 लाख रुपए जुर्माने की सिफारिश-** बीएमसी ने इमारत की टेरेस पर शूटिंग करने और बिना अनुमति दो जनरेटर वैन इस्तेमाल करने के लिए 1 लाख जुर्माने की सिफारिश की है। इसके साथ ही 25,000 की सिक्योरिटी डिपॉजिट जब्त करने की भी मांग की गई है। नगर निगम के अनुसार, प्रोडक्शन हाउस ने 7 और 8 फरवरी के बीच शूटिंग की अनुमति मांगी थी। 30 जनवरी को ए वार्ड के मोदी स्ट्रीट और पेरिन नरिमन स्ट्रीट पर शूटिंग की अनुमति दी गई थी। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी बी62 स्टूडियोज की स्थापना 2019 में आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर ने की थी। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी बी 62 स्टूडियोज की स्थापना 2019 में आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर ने की थी। अधिकारियों का दावा है कि सेट पर पुलिस विभाग की शर्तों का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। अनुमति में पटाखे और ज्वलनशील सामग्री के इस्तेमाल पर रोक थी।

# दावा- रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा 26 को करेंगे शादी

इंटिमेट वेडिंग की तैयारी शुरू, ऑफिशियल ऐलान का फैंस को इंतजार

टॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस साल 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों सितारे पिछले कई महीनों से इस खबर के चलते सुर्खियों में हैं, और अब आखिरकार शादी की तारीख लगभग पक्की मानी जा रही है।



कहना गलत नहीं होगा कि उद्योग जगत और फैन्स दोनों इस खबर के बाद बेहद उत्साहित हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार शादी एक निजी व इंटिमेट समारोह में आयोजित की जाएगी, जिसमें सिर्फ करीबी परिवारजन और कुछ चुनिंदा दोस्त ही शामिल होंगे। बड़ी बात यह है कि दोनों कलाकारों ने खुद अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इनवाइट कार्ड और चर्चाओं के चलते लगता है कि शादी तय सा दिख रही है।

**शादी के आयोजन की तैयारियां और माहौल-** रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी की रस्मों की तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और चर्चाओं ने पुष्टि की है कि दोनों सितारे इस आयोजन को बेहद प्राइवेट रखना चाहते हैं। यहां तक कि शादी में नो-फोन पॉलिसी की भी बात सामने आ रही है, ताकि निजी क्षणों को मीडिया और पब्लिक के कैमरों से बचाया जा सके। बेहद खास बात यह है कि शादी उदयपुर के किसी ऐतिहासिक महल या दरबार शैली के स्थल में होने की अटकलें हैं, जिससे यह आयोजन और भी भव्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, किसी भी सरकारी या पारिवारिक सोर्स ने अभी तक शादी के स्थान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**विवाह के बाद रिसेप्शन और सेलिब्रेशन-** शादी के बाद 3 से 4 मार्च के आसपास एक रिसेप्शन पार्टी भी आयोजित होने की खबर है, जिसमें फिल्म और सोशल सर्किल के कई नामी चेहरे शामिल हो सकते हैं। यह रिसेप्शन हैदराबाद या बंजारा हिल्स के किसी प्रीमियम स्थल पर होने की चर्चाएं सुनी जा रही हैं। हालांकि इसकी पुष्टि भी अभी तक आधिकारिक तौर पर नहीं आई है, लेकिन मीडिया सर्कल में यह जानकारी तेजी से फैल रही है।

**फैंस और इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया-** जब से शादी की खबरें सामने आई हैं, फैंस और सिलेब्रिटीज ट्विटर, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफार्मों पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोग दोनों की जोड़ी को बधाई दे रहे हैं और कुछ संयोग बताते हुए पिछले कुछ वर्षों में दोनों के बीच बढ़ते बंधन को शादी तक पहुंचते देख खुश हैं।





# सीनियर एक्ट्रेस प्रवीना देशपांडे का निधन

## परिवार ने इंस्टाग्राम पर दी जानकारी, सलमान खान की फिल्म रेडी में नजर आई थीं

सीनियर एक्ट्रेस प्रवीना देशपांडे का मंगलवार को निधन हो गया। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी। जिसके बाद मंगलवार दोपहर मुंबई के अंधेरी स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। एक्ट्रेस समय से कैंसर से जूझ रही थीं। 2019 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा डायग्नोज हुआ था। बोन मैरो ट्रांसप्लांट के दौरान वे 17 दिन आइसोलेशन में रहीं।

बता दें कि प्रवीना देशपांडे ने सलमान खान की सुपरहिट फिल्म रेडी में शालिनी चौधरी का रोल प्ले किया था। इसके अलावा उन्होंने एक विलेन, गब्बर इज बैक और परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरण जैसी फिल्मों में काम किया। हाल ही में वे इमरान हाशमी की वेब सीरीज तस्करी: द स्मगलर्स वेब में कैमियो रोल में नजर आई थीं।

एक्टर पलाश दत्ता, जिन्होंने प्रवीना देशपांडे के साथ शॉर्ट फिल्म थैंक्स मॉम में काम किया था, ने दुख जताते हुए लिखा कि प्रवीना जी एक बेहतरीन कलाकार और प्यारी इंसान थीं। पलाश ने बताया कि वे पिछले 22 साल से उन्हें जानते थे। उन्होंने यह भी कहा कि थैंक्स मॉम की शूटिंग के दौरान प्रवीना कैंसर से जूझ रही थीं, लेकिन दर्द और कीमोथेरेपी के बावजूद उन्होंने काम पूरा किया और इसके लिए पुरस्कार भी जीते।

## द केरल स्टोरी 2 का ट्रेलर हुआ रिलीज

# तीन राज्यों की तीन कहानियां और प्यार के नाम पर धर्मांतरण, 27 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 3 मिनट 27 सेकंड का यह ट्रेलर पहले पार्ट से ज्यादा गंभीर और इंटेंस नजर आता है। इसमें तीन अलग-अलग राज्यों में धर्मांतरण से जुड़ी कहानियों को दिखाया गया है। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा की झकझोर देने वाली कहानी को सामने लाती है। उनकी जिंदगी तब खौफनाक मोड़ लेती है, जब वे तीन मुस्लिम लड़कों के प्यार में पड़ जाती हैं और धीरे-धीरे उन रिश्तों के पीछे कथित तौर पर धर्म परिवर्तन का एक सोचा-समझा एजेंडा सामने आता है। ट्रेलर की शुरुआत एक रोंगटे खड़े कर देने वाली चेतावनी से होती है, जिसमें कहा जाता है कि अगले 25 सालों में भारत एक इस्लामिक स्टेट में बदल सकता है। इसके बाद कहानी राजस्थान की ओर बढ़ती है, जहां एक हिंदू




परिवार पुलिस स्टेशन में पॉक्सो के तहत शिकायत दर्ज कराने पहुंचता है। परिवार का आरोप है कि उनकी 16 साल की बेटी का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है। माता-पिता का दर्द और बेबसी कहानी की गंभीरता को दर्शाते हैं। इसके बाद कहानी मध्य प्रदेश पहुंचती है, जहां कथित तौर पर एक हिंदू युवती को प्रेम और शादी के नाम पर धोखे से फंसाया जाता है और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है। उसकी खामोश पीड़ा, अकेलापन और टूटा हुआ भरोसा ट्रेलर में एक भावनात्मक और डरावना माहौल तैयार करता है। फिर कहानी केरल में जाती है, जहां एक युवक अपनी हिंदू गर्लफ्रेंड से साथ रहने की बात करता है। लेकिन जब लड़की साफ कह देती है कि वह अपना धर्म नहीं बदलेगी। आगे ट्रेलर में दिखाया गया है कि लड़की पर धर्म बदलने का दबाव डाला जाता है। इस फिल्म का निर्देशन कामाख्या नारायण ने किया है। विपुल अमृतलाल शाह इसके प्रोड्यूसर हैं, जबकि आशिन ए. शाह को-प्रोड्यूसर हैं। फिल्म 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर-8 स्टेज में एंट्री की

# भारत ने लगातार 12वां वर्ल्डकप मैच जीता

## अभिषेक फिर खाता नहीं खोल सके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर-8 स्टेज में एंट्री कर ली। यह टीम की वर्ल्ड कप में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी ओर टीम इंडिया ने टूर्नामेंट इतिहास में रिकॉर्ड 12वां लगातार मैच जीत लिया। वहीं टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा लगातार तीसरे मुकाबले में खाता नहीं खोल सके।






**पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत-** पाकिस्तान ने बुधवार को नामीबिया के खिलाफ 199 रन बनाने के बाद उन्हें 97 रन पर समेट दिया। टीम ने 102 रन से मुकाबला जीता। यह टी-20 वर्ल्ड कप में रन के अंतर से पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले 2009 में टीम नीदरलैंड को लॉर्ड्स स्टेडियम में 82 रन से हरा चुकी है।

**भारत ने लगातार 12वां मैच जीता-** भारत टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 12वां मैच जीत चुका है। 2024 में लगातार 8 मैच जीतने के बाद टीम ने 2026 में 4 मैच और जीत लिए। टूर्नामेंट इतिहास में भारत से ज्यादा लगातार मैच किसी भी टीम ने नहीं जीते। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमें लगातार 8-8 मैच जीत चुकी हैं।

**अभिषेक का लगातार तीसरा डक-** टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप के लगातार तीसरे मैच में खाता नहीं खोल सके। अमेरिका के खिलाफ उन्हें अली खान ने पवेलियन भेजा, तब पहली गेंद पर ही आउट हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ 4 गेंदें खेलने के बाद वे सलमान अली आगा की गेंद पर कैच हो गए। वहीं नीदरलैंड के खिलाफ वे आर्यन दत्त की गेंद पर बोल्ड हो गए। इस बार उन्होंने 3 गेंदें खेलीं। नामीबिया के खिलाफ वे बीमारी के कारण खेल नहीं सके थे। वे टूर्नामेंट में 8 गेंदें खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके। उनसे पहले भारत के आशीष नेहरा भी लगातार 3 टी-20 में खाता खोले बगैर आउट हो चुके हैं।

नीदरलैंड के खिलाफ टी-20 में भारत ने 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। यह एक मुकाबले में भारत की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा गेंदबाज रहे। टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ भी 7 ही बॉलर्स से गेंदबाजी कराई थी। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत 12 गेंदबाजों से बॉलिंग करा चुका है। एक वर्ल्ड कप में यह टीम इंडिया की ओर सबसे ज्यादा है, इससे पहले टीम ने 2009 में 11 बॉलर्स से गेंदबाजी कराई थी। भारत इस टूर्नामेंट में 9 कैच छोड़ चुका है, जो आयरलैंड के 10 कैचों के बाद सबसे ज्यादा है। नीदरलैंड ने बगैर फिफ्टी लगाए अपना बेस्ट टी-20 स्कोर बनाए। टीम ने 7 विकेट खोकर 176 रन बनाए। इससे पहले 2018 में टीम ने नेपाल के खिलाफ 174 रन बनाए थे। नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना दूसरा बेस्ट स्कोर बनाया। टीम इससे पहले 2014 में आयरलैंड के खिलाफ 13.5 ओवर में ही 193 रन बना चुकी है।

### अफगानिस्तान और कनाडा का मैच आज आखरी

## दोनों टीमें सुपर-8 की रेस से बाहर हो चुकी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

अफगानिस्तान और कनाडा के बीच गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप का 39वां मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर शाम 7 बजे से शुरू होगा। दोनों टीमें सुपर-8 की रेस से बाहर हो चुकी हैं। इस टूर्नामेंट में यह उनका आखिरी मैच होगा।

अफगानिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से शिकस्त दी थी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ डबल सुपर ओवर में करीबी हार झेलनी पड़ी। आखिरकार उसने वअए को 5 विकेट से हराकर इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। दूसरी ओर वअए को अब तक पहली जीत की तलाश है। वह साउथ अफ्रीका, यूएई और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों मैच हार चुकी है। अफगानिस्तान और कनाडा टी20 इंटरनेशनल में अब तक 2 बार आमने-सामने आ चुके हैं। दोनों मैच अफगानिस्तान ने जीता है। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की बात करें तो कनाडा ने 6 मैच खेले हैं, जिसमें सिर्फ 1 जीत नसीब हुई है। जबकि 5 मुकाबले हारे हैं। वहीं अफगानिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप में 33 मैच खेले हैं। इसमें 13 बार उसे जीत मिली है, जबकि 20 बार हार का सामना करना पड़ा। इस वर्ल्ड कप में रहमानुल्लाह गुरबाज अफगानिस्तान के टॉप स्कोरर रहे हैं। गुरबाज ने 3 मैचों में 168.18 की स्ट्राइक रेट से 111 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 84 रन है।

## 5 देशों के 14 पूर्व-कप्तानों की पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की खराब सेहत को लेकर 5 देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिखी है। 73 साल के इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं।

इस चिट्ठी पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, डेविड गावर, किम ह्यूजेस, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट ने साइन किए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिग्गज कप्तानों ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से इमरान को उचित इलाज दिए जाने की अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस चिट्ठी पर किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि पिछले हफ्ते वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी समेत कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर इमरान के लिए उचित इलाज की मांग की थी। इमरान खान 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के कप्तान थे।





**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं.- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

चुनौतियों के बीच

# भारत को निर्यात में बढ़त



## जनवरी में 0.61% बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद भारत के निर्यात में जनवरी में 0.61% की बढ़ोतरी दर्ज हुई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, अप्रैल से जनवरी तक कुल निर्यात 2.22% बढ़ा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

भारत के निर्यात में जनवरी महीने में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि जनवरी में देश का निर्यात 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह बढ़ोतरी वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक संकेत मानी जा रही है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी तक कुल निर्यात 2.22 प्रतिशत बढ़कर 366.63 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। सरकार का कहना है कि लगातार बढ़ता निर्यात देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की स्थिति बेहतर हो रही है। इसके साथ ही वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि भारत की एक टीम अगले हफ्ते अमेरिका जाएगी ताकि मार्च में होने वाले अंतरिम व्यापार समझौते के लिए कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा सके। यह यात्रा 23 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस महीने भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे को अंतिम रूप दिया था। अब इस ढांचे को कानूनी समझौते में बदलना बाकी है, जिसे दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित किया जाएगा।

### एशिया के सुपर-रिच खरीदारों को साधने की होड़, निजी जेट कारोबार में तेज उछाल

# डिफेंस ट्रेड फेयर सिंगापुर एयरशो

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सिंगापुर एयरशो में एशिया के सुपर-रिच ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए निजी जेट कंपनियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिख रही है। बिजनेस एविएशन और लग्जरी जेट बाजार तेजी से बढ़ रहा है। लंबी दूरी वाले और हाई-टेक निजी विमान मुख्य आकर्षण बने हैं।

एशिया के सबसे बड़े एविएशन और डिफेंस ट्रेड फेयर सिंगापुर एयरशो में इस बार निजी जेट उद्योग की बढ़ती ताकत साफ नजर आई। विमान निमार्ता कंपनियां अब कमर्शियल एयरलाइंस के बजाय बेहद अमीर निजी ग्राहकों और बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को साधनों की तैयारी कर रही हैं।

इस रणनीति के तहत गल्फस्ट्रीम ने अपने फ्लैगशिप बिजनेस जेट जी700 को प्रमुखता से प्रदर्शित किया, जिसकी कीमत करीब 7.5 से 8 करोड़ डॉलर (620-660 करोड़ रुपये) बताई जाती है। एयरशो परिसर में यात्री विमानों और सैन्य एयरक्राफ्ट से अलग खड़े इस निजी जेट को देखने को लंबी कतारें लगी रहीं। बीबीसी के मुताबिक, विमान के भीतर संभावित ग्राहकों के साथ सौदे को लेकर बातचीत चलती रही, जिससे साफ है कि एशिया में सुपर-रिच खरीदारों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

विमान में पैनोरमिक खिड़कियों से आती रोशनी हल्के रंग की लेदर सीटों और पॉलिश्ड लकड़ी के वेनियर पर पड़ती है। केबिन में अलग-अलग लिविंग एरिया हैं। टीवी कंसोल और पीछे की ओर शावर के साथ ग्रैंड सुइट मौजूद है। यह डिजाइन सिर्फ लग्जरी नहीं, बल्कि उद्योग में रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है।

**बिजनेस एयरक्राफ्ट की मांग में बदलाव-** गल्फस्ट्रीम के वर्ल्डवाइड सेल्स प्रमुख स्कॉट नील ने कहा, हम बड़े कॉरपोरेशनों और हाई-नेटवर्थ व्यक्तियों के लिए बिजनेस एयरक्राफ्ट की मांग में बड़ा बदलाव देख रहे हैं। अधिक कंपनियां वैश्विक स्तर पर कारोबार कर रही हैं और उन्हें ज्यादा जगहों तक यात्रा करनी पड़ती है। ऐसा करने का सबसे कुशल तरीका बिजनेस एयरक्राफ्ट है।



### बॉम्बार्डियर से दसॉ तक सभी कंपनियां आमने-सामने


- इस सेगमेंट में गल्फस्ट्रीम अकेला खिलाड़ी नहीं है। दसॉ, बॉम्बार्डियर, एम्ब्रेयर और टेक्सट्रॉन एविएशन जैसी कंपनियां भी अमीर ग्राहकों को लुभाने की दौड़ में हैं। हालांकि, पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निजी विमानों की आलोचना भी हो रही है, लेकिन विमान निमार्ताओं ने इसमें बड़ा कारोबारी अवसर देख लिया है।
- इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के मुताबिक, एयरलाइंस आमतौर पर अपने खर्च से सिर्फ दो-चार फीसदी अधिक मुनाफा कमा पाती हैं। इसके उलट, निजी जेट कम संख्या में बिकते हैं, लेकिन उनकी कीमत बेहद ऊंची होती है। कंपनियां सपोर्ट, स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस प्रोग्राम्स से भी अतिरिक्त कमाई करती हैं।

**नई रणनीतिः कम थकान, ज्यादा आराम-** आज निजी जेट निमार्ताओं के लिए यात्रियों की थकान कम करना बड़ा सेलिंग पॉइंट बन गया है। कंपनियां दावा कर रही हैं कि उन्होंने केबिन एयर प्रेशर सुधारा है। शोर कम किया है और इंटीरियर को ऐसे डिजाइन किया है कि लंबी उड़ानें ज्यादा आरामदेह बन सकें। यही तकनीकी सुधार और समय बचत की सुविधा आज के सुपर-रिच ग्राहकों को निजी विमान खरीदने की ओर तेजी से आकर्षित कर रही है।

पांच साल में 70% से ज्यादा बढ़े सुपर-रिच एविएशन इंटेलिजेंस फर्म विंगएक्स के मुताबिक, 2025 में वैश्विक स्तर पर निजी जेट उड़ानों की संख्या 37 लाख रही, जो 2024 से 5 फीसदी और महामारी पूर्व स्तर से 35 फीसदी अधिक है। 2020 से 2025 के बीच दुनिया में अल्ट्रा हाई-नेटवर्थ इंडिविजुअल्स की संख्या 70 फीसदी से ज्यादा बढ़ी है।

2035 तक 100 अरब डॉलर से

# डेटा सेंटर बनाएगा अदाणी समूह




## भारत में 250 अरब डॉलर का एआई इकोसिस्टम लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अदाणी समूह ने 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित हाइपरस्केल, अक-रेडी डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है। इस पहल से सर्वर, क्लाउड और सहयोगी क्षेत्रों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। अदाणी समूह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित हाइपरस्केल, एआई-रेडी डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा-और-कंप्यूट पहल में से एक मानी जा रही है।

**150 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद-** समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के अनुसार, इस पहल से सर्वर मैन्युफैक्चरिंग, क्लाउड प्लेटफॉर्म और सहयोगी उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। इससे भारत में कुल 250 अरब डॉलर का अकइंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम तैयार हो सकता है।

**दुनिया इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन के दौर में प्रवेश कर रही है-** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन के दौर में प्रवेश कर रही है, जो किसी भी औद्योगिक क्रांति से अधिक गहरी है, और जो देश ऊर्जा और कंप्यूट के संतुलन को साध लेंगे, वही अगले दशक की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में नेतृत्व करने की अनूठी स्थिति में है।

### दूसरी बार भी ईडी के सामने नहीं पेश हुईं टीना अंबानी

# अमेरिका से जुड़ी संपत्ति को लेकर होनी है पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी मंगलवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश नहीं हुईं हैं। बता दें कि, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व अभिनेत्री को पहले 10 फरवरी को तलब किया गया था।

पूर्व अभिनेत्री टीना अंबानी लगातार दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर मंगलवार को नहीं पेश हुईं हैं। धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले 10 फरवरी को भी वह संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुई थीं, जिसके बाद उन्हें दूसरा नया नोटिस भेजा गया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उन्होंने अनुपस्थित रहने का कोई कारण जांच अधिकारी को बताया है या नहीं। ईडी सूत्रों का कहना है कि उन्हें पूछताछ के लिए नई तारीख दी जा सकती है।

**पीएमएलए के तहत दर्ज किया जाएगा बयान-** जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि टीना अंबानी के पेश होने पर उनसे विस्तृत पूछताछ की जाएगी और उनका बयान धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया जाएगा। इसी मामले में 66 वर्षीय अनिल अंबानी को भी रिलायंस समूह की कई कंपनियों और उनसे जुड़े बैंक ऋण मामलों की जांच के सिलसिले में बुधवार को दूसरी बार पेश होने को कहा गया है। वह पहली बार अगस्त 2025 में ईडी के सामने पेश हुए थे।

**विशेष जांच दल गठित-** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ईडी ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के खिलाफ कथित बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं के कई मामलों की जांच के लिए हाल ही में एक विशेष जांच दल गठित किया है। एजेंसी अब तक जांच के तहत लगभग 12,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है और समूह की कंपनियों के खिलाफ तीन प्रवर्तन प्रकरण सूचना रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है।



- **अमेरिकी संपत्ति सौदे की जांच-** सूत्रों के मुताबिक, टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहैटन इलाके में स्थित एक लग्जरी आवासीय अपार्टमेंट की खरीद से जुड़े धन के स्रोत की जांच के लिए बुलाया गया है। इस मामले में ईडी ने हाल ही में रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि न्यूयॉर्क स्थित यह संपत्ति वर्ष 2023 में कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान गर्ग ने धोखाधड़ी से बेच दी थी। बताया जाता है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने वर्ष 2025 में शेयर बाजार को इस संदिग्ध बिक्री की जानकारी दी थी।
- **विदेशी लेनदेन पर संदेह-** ईडी के अनुसार, इस संपत्ति की बिक्री से प्राप्त 8.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 69.55 करोड़ रुपये) की राशि अमेरिका से दुबई स्थित एक इकाई को कथित फर्जी निवेश के नाम पर भेजी गई थी। एजेंसी का यह भी दावा है कि उस इकाई पर पाकिस्तान से जुड़े एक व्यक्ति का नियंत्रण था।

### एआई इकोसिस्टम अब जमीनी नवाचार की ओर

# युवएआई हैकथॉन में 3000 छात्रों ने पेश किए देसी समाधान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

हैकथॉन में 3000 छात्रों ने क्षेत्रीय भाषाओं में एआई समाधान पेश किए। जानें कैसे यह इंडिया एआई मिशन के 'इम्पैक्ट' और प्रोडक्टिविटी लक्ष्यों को गति दे रहा है और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत कर रहा है।'

भारत का एआई इकोसिस्टम अब केवल कॉरपोरेट बोर्डरूम और नीतिगत चचाओं तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि यह अब जमीनी स्तर पर नवाचार की ओर बढ़ रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तहत, 'युवएआई' पहल के तहत आयोजित हैकथॉन ने देश की युवा प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया है। टाटा के सहयोग से आयोजित इस इस हैकथॉन में 3,000 छात्रों ने हिस्सा लिया और भारत की विविधता को ध्यान में रखते हुए 'वनार्कुलर' (क्षेत्रीय भाषाई) समाधान पेश किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इस आयोजन के दौरान मौजूद रहे।

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि एआई भारत की बड़ी क्षमताओं में से एक बन रहा है। जिस तरह से हमारे छात्र, रिसर्चर, स्टार्टअप, आईटी इंडस्ट्री एआई का इस्तेमाल करके एक अलग स्तर पर नए समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं, वह देश की एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा टेक्नोलॉजी को डमोक्रेटाइज करने का एक विजन दिया है, उसी विजन के साथ एआई में भी भारत एक नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के जो एआई मॉडल्स हैं उनकी कई ग्लोबल मॉडल्स के साथ तुलना की गयी, टेस्ट किया गया और ये टेस्टिंग ग्लोबल पैरामीटर के आधार पर की गई है, उनसब पर भारत के सभी एआई मॉडल्स खरे उतरे हैं। हमारे इंजीनियर की ये जो क्षमता है, उसे आज विश्व पहचान रहा है। हेल्थ केयर में भारत एआई का प्रयोग करके ऐसे सल्युशन दे सकेगा जो की विश्वभर में पहचाने जा सकेंगे। आने वाले समय में भारत हेल्थ केयर का एक नया मॉडल दे पाएगा। बहुत बड़े स्केल पर इंडस्ट्री के साथ मिलकर, उद्योग, अकादमी और सरकार तीनों एक जुट होकर उचित तरीके से कौशल, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग पर काम करेंगे।

## 4 साल में 2947 मामलों में लोकायुक्त का एक्शन:1379 भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

लोकायुक्त में बीते चार वर्षों में मध्यप्रदेश के 1379 अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध जांचें चल रही हैं। जांच के दायरे में आए मामलों में 20.97 करोड़ रुपए की वसूली किए जाने के बावजूद 134 प्रकरण अभियोजन स्वीकृति में लंबित हैं। वहीं 39 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है और 208 प्रकरणों में न्यायालय में चालान पेश किए जा चुके हैं।

यह जानकारी कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी। उन्होंने बताया कि लोकायुक्त संगठन में वर्ष 2022-23 से अब तक 1884 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जबकि विशेष पुलिस स्थापना में 1063 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। इन मामलों में शिकायत एवं जांच शाखा तथा तकनीकी शाखा द्वारा इसी अवधि में 1592 जांच पूरी कर प्रकरणों का निराकरण किया है। वर्तमान में शिकायत एवं जांच शाखा में 1291 तथा तकनीकी शाखा में 88, कुल 1379 प्रकरण जांच के दायरे में हैं।

### 134 केस अभियोजन स्वीकृति में लंबित

लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना द्वारा पंजीबद्ध 1063 आपराधिक प्रकरणों में से 393 प्रकरणों की विवेचना पूरी की जा चुकी है। इनमें 134 प्रकरण अभियोजन स्वीकृति में लंबित हैं। वहीं 39 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है और 208 प्रकरणों में न्यायालय में चालान पेश किए हैं। इसके अतिरिक्त 12 प्रकरणों में न्यायालय में खात्मा पेश किया है, जिनमें आरोपी की मृत्यु अथवा प्रकरण के उन्मोचित होने का आधार रहा। शेष 670 प्रकरण वर्तमान में विवेचनाधीन हैं।

### 153 मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई

जवाब में यह भी बताया गया कि कुल जांच किए गए मामलों में शिकायत एवं जांच शाखा के 146 तथा तकनीकी शाखा के 7, कुल 153 प्रकरणों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही शिकायत एवं जांच के आधार पर 20 करोड़ 97 लाख 17 हजार 905 रुपए की वसूली की गई है।

### मध्य प्रदेश में इस फरवरी तीसरी बार मौसम ने करवट बदली

# राजस्थान में ओले गिरे, मध्य प्रदेश में बारिश: हरियाणा में बारिश से 7 डिग्री तापमान गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल गया है। मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर में गुरुवार सुबह बारिश हुई। मौसम विभाग ने 8 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले बुधवार को रतलाम, श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, मंदसौर समेत 20 जिलों में ओले गिरे थे।

राजस्थान के 11 जिलों में तेज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है। एक दिन पहले 11 से ज्यादा जिलों में दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। राजधानी जयपुर के रटर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पानी भर गया। इससे कई ऑपरेशन टल गए। 4 जिलों में ओले भी गिरे। हरियाणा के हिसार समेत कई इलाकों में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। राज्य के भिवानी और रेवाड़ी में बुधवार दोपहर को हल्की बूंदाबांदी के साथ ओले गिरे। वहीं उत्तराखंड के देहरादून सहित पांच पहाड़ी जिलों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

मध्य प्रदेश में इस फरवरी तीसरी बार मौसम ने करवट बदली। बुधवार को कहीं बारिश हुई तो कहीं ओले गिरे। ऐसा ही मौसम गुरुवार को भी बना है। भोपाल में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने ग्वालियर समेत 8 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

गुरुवार को जिन जिलों में बारिश और गरज-चमक का अलर्ट है, उनमें ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना शामिल हैं।



इससे पहले बुधवार को रतलाम, श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, मंदसौर, नीमच, गुना, ग्वालियर, भिंड, दतिया समेत 20 से ज्यादा जिलों में कहीं बारिश तो कहीं ओले गिरे। भोपाल में दिन में धूप खिली रही, लेकिन शाम को बादल छा गए।

मौसम विभाग के अनुसार, एमपी में ही एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) सिस्टम की एक्टिविटी है। वहीं, एक ट्रफ लाइन भी प्रदेश से होकर गुजर रही है। इसके अलावा राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय है।सीनियर मौसम वैज्ञानिक, डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से मौसम बदला है। बुधवार को असर ज्यादा रहा। वहीं गुरुवार को भी कई जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है।

### फरवरी की शुरूआत में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रहा

बता दें कि फरवरी के शुरूआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा

### राजस्थान में ओले गिरे, पारा 10 डिग्री तक लुढ़का



मौसम केन्द्र जयपुर ने राजस्थान में आज से आसमान साफ रहने और धूप निकलने के साथ तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। बुधवार को ओले गिरने, बारिश होने के बाद सर्दी बढ़ गई। दिन का तापमान 10 डिग्री तक गिरने और ठंडी हवा चलने से ठिठुरन महसूस हो रही है। पिछले 24 घंटे में जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, टोंक, अजमेर, चित्तौड़गढ़ समेत अन्य जिलों में बारिश हुई। जयपुर, नागौर, सीकर समेत कई जिलों में ओले भी गिरे।

#### बाड़मेर, जालोर में रही गर्मी

उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में दिन में ठंडक रही, लेकिन पश्चिमी जिलों में बुधवार दिन में धूप रहने से यहां हल्की गर्मी रही। बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस, जालोर में 31.7, चूरू में 31.3, जोधपुर में 30.2, फलोदी में 32.4 और पाली के जवाई एरिया में 31 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

**अब आगे क्या?** मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- पश्चिमी विक्षोभ का असर आज राजस्थान में नहीं रहेगा। अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहेगा

### 6500 भारतीय को निकालने की तैयारी; शरणार्थी नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

# कनाडा ने 2025 में 2,800 भारतीयों को निकाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा सरकार ने 2025 के पहले 10 महीनों में कनाडा ने 2,831 भारतीय नागरिकों को देश से बाहर निकाला है। ये जानकारी कनाडा की कैनेडियन बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के आंकड़ों से सामने आई है। इसके मुताबिक पिछले साल कुल 18,785 लोगों को कनाडा से निकाला गया, जिनमें भारतीय दूसरे नंबर पर हैं। सबसे ज्यादा 3,972 लोग मैक्सिको के थे।

इतना ही नहीं, अभी 29,542 लोगों को निकालने की प्रक्रिया चल रही है, जिनमें 6,515 भारतीय भी शामिल हैं। यानी आने वाले समय में और भारतीयों पर भी कार्रवाई हो सकती है। कनाडा सरकार ने बताया है कि जिन लोगों को निकाला गया, उनमें से कई पर क्रिमिनल मामले थे। लेकिन बड़ी संख्या उन लोगों की भी थी जिन्होंने शरणार्थी दावे से जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन नहीं किया।

कनाडा में किसी को बाहर करने के तीन तरीके होते हैं- डिपार्चर ऑर्डर, एक्सक्लूजन ऑर्डर और डिपोर्टेशन ऑर्डर। कुछ लोगों को 30 दिन के अंदर देश छोड़ने का आदेश दिया जाता है। अगर वे नहीं जाते तो उन पर कड़ी कार्रवाई होती है। कुछ मामलों में एक साल या पांच साल तक दोबारा कनाडा आने पर रोक लगती है। वहीं डिपोर्टेशन ऑर्डर में बिना खास अनुमति के दोबारा एंट्री नहीं मिलती।




#### कनाडा में हर चौथा व्यक्ति विदेशी मूल का

2025 के लिए करीब 3 लाख 95 हजार लोगों को स्थायी निवास देने का टारगेट रखा गया था, जो देश की आबादी के 1% से कम है। सीमा सुरक्षा को लेकर भी सरकार कड़े कदम उठा रही है। 1.3 बिलियन डॉलर की योजना के तहत सीमा पर ड्रोन और नई निगरानी तकनीक लगाई गई है। जून 2025 में सरकार ने स्ट्रॉन्ग बॉर्डर एक्ट नाम का नया कानून भी पेश किया, जिसका मकसद सीमा को और मजबूत करना और इमिग्रेशन सिस्टम को ज्यादा सख्त बनाना है। कनाडा दुनिया के उन देशों में है जहां प्रवासियों (इमिग्रेंट) की संख्या तेजी से बढ़ी है। 2021 की आधिकारिक जनगणना के मुताबिक, कनाडा में लगभग 83.6 लाख (8.3 मिलियन) लोग विदेश में जन्मे हैं, जो देश की कुल आबादी का करीब 23% है।

डिपार्चर ऑर्डर- इसमें जिस इंसान पर आदेश लागू होता है उसे 30 दिनों के अंदर कनाडा छोड़ना होता है। अगर वो समय पर नहीं जाता, तो यह आदेश डिपोर्टेशन ऑर्डर में बदल जाता है।

एक्सक्लूजन ऑर्डर- इसमें व्यक्ति को एक साल तक कनाडा लौटने की इजाजत नहीं होती। अगर मामला गलत जानकारी देने (मिसरिप्रेजेंटेशन) का हो, तो 5 साल तक वापसी पर रोक लग सकती है।

डिपोर्टेशन ऑर्डर- यह सबसे सख्त आदेश होता है। इसमें व्यक्ति के कनाडा वापस आने पर स्थायी रोक लग जाती है। दोबारा आने के लिए लिखित इजाजत लेना जरूरी होता है। कनाडा में इमिग्रेशन इस समय बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। पिछले साल चुनाव के दौरान भी यही सबसे अहम मुद्दा था और अब भी सरकार और विपक्ष के बीच इसी पर बहस चल रही है। मुकाबला मुख्य रूप से लिबरल पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी के बीच है। लिबरल पार्टी के नेता पीएम मार्क कार्नी का कहना है कि इमिग्रेशन सिस्टम में सुधार की जरूरत है। उनका कहना है कि जब तक घरों की कमी की समस्या ठीक नहीं होती, तब तक इमिग्रेशन की संख्या को कंट्रोल में रखा जाएगा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री जानकीलाल पिता दोलाजी चौधरी निवासी ग्राम साहेबखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म . प्र .) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी खाता पे की भूमि सर्वे नम्बर 124 रकबा 0 . 52 हेक्टर में से रकबा 0 .10 हेक्टेयर स्थित ग्राम साहेबखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन

म . प्र . में हैं को क्रय करने का सोदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं, व शेष अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय अनुबन्ध-पत्र का सम्पादन करवाना एवम विक्रय-पत्र का सम्पादन व पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो या कोई वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात ( 7 ) दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 18 - 02 - 2026 , स्थान - उज्जैन,

**जयश्री वर्मा एडवोकेट**
**बी 4 भरतपुरी काम्पलेक्स , उज्जैन**
**मोनं 98270 15929 90980 85783**

### अमेरिका बोला- एच-1बी वीजा फीस एक बार लगेगी

# पाकिस्तान में इमरान की रिहाई के लिए यूथ फोर्स बनी: खैबर में अटक ब्रिज पर समर्थकों ने कब्जा किया; आर्मी चीफ ने 5 हजार फौजी भेजे

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो रहे हैं। इमरान की पार्टी पाक तहरीक-ए-इंसाफ(ढळक) के हजारों समर्थकों ने खैबर सूबे में सामरिक और रणनीतिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा जमा लिया है।

ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटके ?हुए हैं। पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से लगभग 5 हजार फौजी रवाना किए हैं।

उधर, खैबर के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पाटी ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है। इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई है। आनन फानन में आर्मी चीफ को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा।

पूर्व पीएम इमरान खान अगस्त, 2023 से इस्लामाबाद की अडियाला जेल में बंद हैं। अभी वे तोशाखाना भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल काट रहे हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी भी अडियाला जेल में सजा काट रही है। इमरान के खिलाफ लगभग एक सौ से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से लगभग एक दर्जन मामले लोअर-हाईकोर्ट में कोर्ट में चल रहे हैं। इमरान की जेल पर मुनीर का ताला, लेकिन इसकी चाबी ट्रम्प के पास इमरान को जेल में रखने में आर्मी चीफ मुनीर की बड़ी भूमिका है। पीएम रहते हुए इमरान ने मुनीर को खुफिया एजेंसी क्रक चीफ के पद से हटाया था। जानकारों के अनुसार इमरान की जेल पर भले ही मुनीर का ताला हो, पर इसकी चाबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर फ्री इमरान मूवमेंट के बाद भी ट्रम्प मुनीर पर रिहाई का दबाव डालने के मूड में नहीं हैं।



### 5 देशों के 14 पूर्वझ्रकप्तानों की पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की खराब सेहत को लेकर 5 देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिखी है। 73 साल के इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं. इस चिट्ठी पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, डेविड गावर, किम ह्यूजेस, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट ने साइन किए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिग्गज कप्तानों ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से इमरान को उचित इलाज दिए जाने की अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस चिट्ठी पर किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि पिछले हफ्ते वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी समेत कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर इमरान के लिए उचित इलाज की मांग की थी।

### एपस्टीन फाइल्स- अमेरिकी होटल चेन हयात के चेयरमैन का इस्तीफा: 2008 से यौन अपराधी के संपर्क में थे

# अब तक 10 देशों में लोगों ने पद छोड़े

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों का खुलासा होने के बाद दुनियाभर में इस्तीफों का दौर जारी है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी होटल चेन हयात होटल्स के कार्यकारी अध्यक्ष अरबपति थॉमस प्रित्जकर का है। वे इस पद पर 1999 से थे।

अमेरिकी न्याय विभाग की फाइल से पता चला है कि 2008 से एपस्टीन और प्रित्जकर लगातार संपर्क में थे। 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था।

2015 का एक अन्य ईमेल बताता है कि एपस्टीन ने दुबई में निवेश बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम और प्रित्जकर को जोड़ने की कोशिश की थी। उसने सुलेयम और जेस स्टेली के बीच कारोबारी संबंध बढ़ाने की भी कोशिश की, जो उस समय जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी थे। थॉमस जे. प्रित्जकर, परिवार के 13 अरबपति होटल उत्तराधिकारियों में दूसरे सबसे धनी हैं। संपत्ति 6.2 अरब डॉलर है। 1999 से हयात के अध्यक्ष और 1999 से 2006 तक सीईओ रहे।

एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद 10 देशों के 15 प्रोफेशनल्स, नेता और बैंकर्स इस्तीफा दे चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं वर्ल्ड की टॉप लॉजिस्टिक्स कंपनियों में से एक डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम, गोल्डमैन सैक्स की शीर्ष वकील कैथी रुएमलर, अमेरिकी लॉ फर्म पॉल वीस के चेयरमैन ब्रैड कार्प, हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष लैरी समर्स, नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड, नॉर्वे की राजनयिक मोना जुउल और उनके पति पूर्व राजनयिक टेर्जे रोड-लार्सन, अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मेंडेलसन, ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्र्यू, फुटबॉल टीम न्यूयॉर्क जायंट्स के सह-मालिक स्टीव टिस्क, यूएनएचसीआर की स्वीडन की अध्यक्ष जोआना रुबिनस्टीन

### कौन था जेफ्री एपस्टीन?


जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी।

उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है।

### एपस्टीन केस की पूरी कहानी क्या है

इसकी शुरूआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को मसाज के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

जब उसने घर लौटकर यह बात अपने माता-पिता को बताई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत की। तब पहली बार जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई। पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि यह अकेला मामला नहीं है।



#### स्कूल टीचर से यौन अपराधी बना एपस्टीन

**2005:** पहली बार नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप

**2006:** जांच शुरू हुई, एपस्टीन के शक्तिशाली लोगों से संबंधों का खुलासा



**2008:** नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार का दोषी पाया गया, 18 महीने की सजा

**2009:** जेल से बाहर आने के बाद भी एपस्टीन की अय्याशियां चलती रहीं



**2017:** मी टू मूवमेंट शुरू, एपस्टीन के खिलाफ फिर से आरोप लगे

**2019:** 6 जुलाई को गिरफ्तार, 10 अगस्त को न्यूयॉर्क की जेल में मरा मिला

धीरे-धीरे करीब 50 नाबालिग लड़कियों की पहचान हुई, जिन्होंने एपस्टीन पर ऐसे ही आरोप लगाए। पाम बीच पुलिस डिपार्टमेंट ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कई महीनों तक छानबीन की। इसके बाद एपस्टीन के खिलाफ क्रिमिनल जांच शुरू हुई। मामले की जांच से पता चला कि एपस्टीन के पास मैनहट्टन और पाम बीच में शानदार विला है।


### वेस्टर्न रेलवे हर हफ़्ते होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन क्र. | प्रारंभिक स्टेशन व गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09183 | मुंबई सेंट्रल - बनारस (AC स्पेशल) | 04.03.2026 से 25.03.2026 | 22:30 बजे (बुधवार) | 10:30 बजे (शुक्रवार) |
| 09184 | बनारस - मुंबई सेंट्रल (AC स्पेशल) | 06.03.2026 से 27,03,2026 | 14:30 बजे (शुक्रवार) | 04:20 बजे (रविवार) |
| **ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह आगरा, टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोंगांव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई और भदोही स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **कम्पोज़िशन:** फर्स्ट AC, AC 2-टियर, AC 3-टियर और AC 3-टियर इकॉनमी कोच। | | | | |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल - कटिहार | 21.02.2026 से 28.03.2026 | 10:55 बजे (शनिवार) | (सोमवार) 07:30 बजे |
| 09190 | कटिहार - मुंबई सेंट्रल | 24.02.2026 से 31.03.2026 | 00:15 बजे (मंगलवार) | 18:40 बजे (अगले दिन) |
| **रुकने के स्थान:** बोरीवली, वापी, वलसाड, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और नौगछिया स्टेशन दोनों दिशाओं में। **(इसके अलावा, ट्रेन नंबर 09189 सूरत में रुकेगी)** | | | | |
| **कम्पोज़िशन:** AC 2-टियर, AC 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |
| 09343 | डॉ. अंबेडकर नगर - पटना | 26.02.2026 से 26.03.2026 | 18:00 बजे (गुरुवार) | 18:30 बजे (अगले दिन) |
| 09344 | पटना - डॉ. अंबेडकर नगर | 27.02.2026 से 27.03.2026 | 21:30 बजे (शुक्रवार) | 23:55 बजे (अगले दिन) |
| **रुकने के स्थान:** इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावती गंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सौगोर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **कंपोजिशन:** AC 2-टियर, AC 3-टियर, AC 3-टियर इकॉनमी, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |
| 09111 | वडोदरा - गोरखपुर | 23.02.2026 से 23.03.2026 | 19:00 बजे (सोमवार) | 23:30 बजे (अगले दिन) |
| 09112 | गोरखपुर - वडोदरा | 25.02.2026 से 25.03.2026 | 05:00 बजे (बुधवार) | 08:35 बजे (अगले दिन) |
| **हॉल्ट :** गोधरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| **कंपोजिशन:** फर्स्ट AC, AC 2-टियर, AC 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |
| 09195 | वडोदरा - मऊ | 21.02.2026 से 28.03.2026 | 19:00 बजे (शनिवार) | 20:45 बजे (अगले दिन) |
| 09196 | मऊ - वडोदरा | 22.02.2026 से 29.03.2026 | 23:15 बजे (रविवार) | 00:45 बजे (मंगलवार) |
| **हॉल्ट:** दाहोद, रतलाम, कोटा, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर और वाराणसी स्टेशन दोनों दिशाओं में। (इसके अलावा, ट्रेन नंबर 09195 गोधरा में रुकेगी) | | | | |
| **कम्पोज़िशन:** फर्स्ट AC, AC 2-टियर, AC 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |

स्टॉपेज, रुकने का समय और कम्पोज़िशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09183, 09189, 09343, 09111 और 09195 के लिए बुकिंग 19.02.2026 से सभी PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेन स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें व हमें फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...







## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | छे | र्जु | शि | या | ड़ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौं | वी | जा | ह | कि | वि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....
0000000000
पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....
0000000000
लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए

बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....
0000000000
लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...
0000000000
टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# दावा- ईरान पर कभी भी हमला कर सकता है अमेरिका



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ गया है और अब हालात ऐसे बन गए हैं कि आने वाले दिनों या हफ्तों में बड़ा सैन्य टकराव हो सकता है। अमेरिकी न्यूज एजेंसी अ7ड्ड2 की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो वह छोटी या प्रतीकात्मक कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा। एक व्हाइट हाउस अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि आने वाले हफ्तों में हमले की संभावना 90% तक है।

# ये मिलिट्री ऑपरेशन कई हफ्ते चलेगा, वेनेजुएला से भी खतरनाक कार्रवाई होगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजराइल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है।



# इजराइल अधिकारी बोले- संघर्ष की बहुत ज्यादा आशंका




## लड़ाई खत्म करने की डिप्लोमैटिक कोशिशें जारी

दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने परमाणु कूटनीति के साथ-साथ बड़े स्तर पर सैन्य तैयारी भी शुरू कर दी है। मंगलवार को उनके सलाहकार जेराड कुशनर और स्टीव विटकॉफ ने जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से तीन घंटे तक बातचीत की। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत में कुछ डेवलपमेंट हुआ है, लेकिन अमेरिकी अधिकारी अब भी कुछ बड़े मुद्दों पर सहमति बनने को लेकर डाउट में हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि कुछ मामलों में बातचीत अच्छी रही, लेकिन कई मुद्दों पर राष्ट्रपति ने जो 'रेड लाइन' तय की हैं, उन्हें ईरान मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति समझौता चाहते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि कूटनीति अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुकी हो।

इजराइल की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी ऑप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है।

## रूस ने ईरान के साथ नेवी एक्सरसाइज का ऐलान किया

रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि जून 2025 में ईरानी मिसाइलों से 32 लोगों की मौत हुई थी और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लिकुड पार्टी के सांसद बोआज बिस्मुथ ने कहा कि इजराइल का कोई भी नागरिक ऐसा नहीं है जो दिन में कई बार यह न सोचता हो कि ईरान के साथ संघर्ष कब होगा।

# ईरान-अमेरिका के बीच बैलिस्टिक मिसाइल पर विवाद अटका

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है।

ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की।

इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि ईरान हिजबुल्लाह, हूती जैसे प्रॉक्सी ग्रुप्स को समर्थन देना बंद करे। अमेरिका इस मुद्दे को भी शामिल करना चाहता है, लेकिन ईरान मुख्य रूप से सिर्फ परमाणु मुद्दे पर फोकस रखना चाहता है।

ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी। यह ईरान की रक्षात्मक क्षमता है और इसे छोड़ना मतलब खुद को कमजोर करना होगा। ईरान कहता है कि बातचीत सिर्फ परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल या क्षेत्रीय समूहों पर नहीं।




# अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाई




रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य-पूर्व में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी काफी बड़ी हो चुकी है। दो एयरक्राफ्ट कैरियर, करीब एक दर्जन युद्धपोत, सैकड़ों फाइटर जेट और कई एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गए हैं और और भी सैन्य उपकरण भेजे जा रहे हैं। ओपन-सोर्स ट्रैकिंग के मुताबिक 150 से ज्यादा कार्गो उड़ानें हथियार और गोला-बारूद लेकर क्षेत्र में पहुंची हैं। साथ ही 50 से ज्यादा फाइटर जेट, जिनमें ऋ35, ऋ22 और ऋ16 शामिल हैं, मिडिल ईस्ट की ओर भेजे गए हैं। ट्रम्प के एक एक एडवाइजर ने कहा कि कुछ लोग राष्ट्रपति को ईरान से युद्ध न करने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि आने वाले कुछ हफ्तों में सैन्य कार्रवाई की संभावना 90% है। इजराइल के दो अधिकारियों ने भी कहा कि देश 'कुछ ही दिनों में' युद्ध की स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसी कार्रवाई की वकालत कर रहा है जो ईरान की सत्ता को चुनौती दे सके।

## हॉर्मुज स्ट्रैट दुनिया के तेल कारोबार के लिए अहम रास्ता

हॉर्मुज स्ट्रैट अपनी सबसे संकरी जगह पर करीब 33 किलोमीटर (21 मील) चौड़ा है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और आगे वैश्विक बाजारों से जोड़ता है। दुनिया की करीब 20% तेल सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, यूएई और ईरान का तेल और गैस यहीं से बाहर जाता है। ज्यादातर खेप एशिया के लिए होती है। अमेरिकी एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, इस रास्ते का कोई व्यावहारिक विकल्प नहीं है, हालांकि सऊदी अरब और यूएई ने कुछ पाइपलाइन बनाई हैं जो इस मार्ग को बायपास करती हैं। हालांकि स्ट्रैट को अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता है और सभी जहाजों के लिए खुला है, लेकिन इसके किनारों के क्षेत्रीय पानी पर ईरान और ओमान का नियंत्रण है।

■ वर्ष-12 अंक-107 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 19 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते।।

**भावार्थ** : जब यह मनुष्य सत्त्वगुण की वृद्धि में मृत्यु को प्राप्त होता है, तब तो उत्तम कर्म करने वालों के निर्मल दिव्य स्वर्गादि लोकों को प्राप्त होता है।

सर्वद्वारेषु देहेऽस्मिन्प्रकाश उपजायते।
ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत॥

**भावार्थ** : जिस समय इस देह में तथा अन्तःकरण और इन्द्रियों में चेतनता और विवेक शक्ति उत्पन्न होती है, उस समय ऐसा जानना चाहिए कि सत्त्वगुण बढ़ा है।

## सम्पादकीयम्

### राजनैतिकदलस्य वा अन्यस्य वा प्रभावे

विषये प्रश्नान् उत्थापयति। राजनीतिषु आरोपाः सामान्याः सन्ति, परन्तु द्वयोः एजेन्सीयोः-ईडी-राज्यपुलिसयोः-सङ्घर्षः गम्भीरः विषयः अस्ति। तेषां कार्यशैल्याः कार्यशैली एकस्य राजनैतिकदलस्य वा अन्यस्य वा प्रभावे सन्ति इति भावः न भवितव्यः। उभयपक्षः निरीक्षणस्य अधीनः। यदि प्रश्नः पुलिसहस्तक्षेपस्य विषये अस्ति तर्हि ईडी इत्यस्य कार्यवाहीयाः समयः अपि संवीक्षणे अस्ति। न्यायालये उद्धृतः विषयः आसीत् यत् ईडी-द्वारा अन्वेषणं क्रियमाणस्य अङ्गारघोटाले अन्तिमं वक्तव्यं २०२४ तमस्य वर्षस्य फरवरीमासे अभिलेखितम् आसीत्, एतावता दीर्घान्तरस्य अनन्तरं इदानीं कार्यवाही किमर्थम् अस्मिन् वर्षे बङ्गदेशे विधानसभानिर्वाचनं निर्धारितम् अस्ति, अतः एषः प्रश्नः स्वाभाविकः एव। सुधारस्य स्थानं। आँकडान् दृष्ट्वा गतवर्षस्य मार्चमासे सर्वकारेण संसदं सूचितं यत् १० वर्षेषु ईडी इत्यनेन राजनेतृणां विरुद्धं १९३ प्रकरणाः दाखिलाः, केवलं द्वयोः अपि दोषीत्वं प्राप्तम्। इदानीं गतवर्षस्य मेमासे सर्वोच्चन्यायालयेन टिप्पणी कृता यत केन्द्रीयसंस्था संविधानस्य संघीयसंरचनायाः उल्लङ्घनं करोति। यद्यपि एतादृशविशिष्टप्रकरणस्य आधारेण कस्यापि केन्द्रीयसंस्थायाः विषये अन्तिममतं निमार्तुं अनुचितं भविष्यति तथापि निःसंदेहं ईडी इत्यस्य कार्यशैल्यां सुधारं कर्तुं विचारयितुं आवश्यकता वर्तते। संवैधानिक प्रतिबद्धता। न्यायालयेन अग्रिमविचाराय फेब्रुवरीमासस्य ३ दिनाङ्कः निर्धारितः अस्ति।

### मण्डलानगरस्य बञ्जरनद्याः लुण्ठनं क्रियते

# पर्यावरणकायदानानां प्रकटतया अवहेलना क्रियते



#### प्रशासनं च जेसीबी-इत्यस्य उपयोगेन अवैधखननस्य जाँचस्य सामनां कुर्वन् अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य मण्डलामण्डले बञ्जरनद्याः विषये एकः प्रमुखः पर्यावरणीय-कानूनी-संकटः उत्पन्नः अस्ति, यत्र बर्बसपुर-काटा-सिलगी-देशयोः रेत-खानेषु बृहत्-प्रमाणेन अवैध-खननं भवति इति कथ्यते खननठेकेदाराः नियमानाम् अवहेलनां प्रकटरूपेण कुर्वन्ति, जेसीबी इत्यादीनां भारीयन्त्राणां उपयोगेन नदीतटस्य अन्तः गभीरात् वालुकां निष्कासयन्ति इति कथ्यते। एषः विषयः केवलं अवैधखनने एव सीमितः नास्ति, अपितु पर्यावरणसंरक्षणकायदानानां गम्भीरः उल्लङ्घनः इति गण्यते, येन प्रशासनिकव्यवस्था प्रश्ने आनयति

स्थानीयग्रामिणः सामाजिकसंस्थाः च आरोपं कृतवन्तः यत् नदीयाः खननं निरन्तरं यन्त्रैः दिवारात्रौ क्रियते। एषा क्रियाकलापः पर्यावरणसंरक्षणकानूनस्य १९८६, जलप्रदूषणनिवारणनियन्त्रणकानूनस्य १९७४, तथा च राष्ट्रियहरितन्यायाधिकरणकानूनस्य २०१० तमस्य वर्षस्य धारा १४, १५ च प्रत्यक्षं उल्लङ्घनं मन्यते। विशेषज्ञानाम् अनुसारं एतेषां कानूनानां अन्तर्गतं नदीयाः प्राकृतिकसौन्दर्यस्य क्षतिं करणं गम्भीरः अपराधः अस्ति यस्य दण्डः भारी दण्डः कानूनी कार्यवाही च भवति

खननविनियमानाम्, स्थायिवालुकाखननप्रबन्धनमार्गदर्शिकानां च अनुसारं कस्यापि नदीयाः प्रवाहस्य अन्तः पोक्लेन्स् अथवा अन्येषां भारीयन्त्राणां उपयोगः सख्यं निषिद्धः अस्ति तदपि यन्त्राणां उपयोगेन उत्खननं पर्यावरणस्य निष्कासनशतार्नाम् प्रत्यक्षं उल्लङ्घनम् अस्ति। आरोपः अस्ति यत खननठेकेदाराः नियमानाम्‌ परिहारं कृत्वा नदीयाः गभीरं उत्खननं कुर्वन्ति, येन तस्याः प्राकृतिकप्रवाहः बाधितः भवति, जलस्तरस्य तीव्रः न्यूनता च भवति अवैधखननेन नदीयाः संतुलनं बाधितं भवति, परितः क्षेत्रेभ्यः पर्यावरणस्य गम्भीरं खतरा भवति इति ग्रामजनाः वदन्ति। कृषकाः आरोपयन्ति यत् नदीतटस्य क्षरणं वर्धमानं वर्तते, तेषां कृषिभूमिः च क्रमेण क्षरणं प्राप्नोति। यदि एतादृशे गतिना खननं निरन्तरं भवति तर्हि क्षेत्रे जलस्य अभावः, भूस्खलनं च इत्यादीनि समस्याः उत्पद्यन्ते इति अपि बहवः ग्रामिणः चिन्ताम् प्रकटयन्ति।

### अस्य घोटालेन उदघाटनेन

## सर्वकारस्य समर्थनमूल्य कधानक्रयणव्यवस्थायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अनुराधापटेलः च भारतीयदण्डसंहितायां धारा ६२, ३१८(२), ३३६(२), ३(५) च अन्तर्गतं प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृतम् पुलिसाधिकारिणां मते एषः प्रकरणः गम्भीर-आर्थिक-अपराध-वर्गे अन्तर्भवति, तस्य सम्यक अन्वेषणं च प्रचलति। अभियुक्ताः अद्यापि न गृहीताः, पुलिसैः तेषां अन्वेषणं निरन्तरं क्रियते। अधिकारिणः वदन्ति यत् अन्वेषणेन घोटाले सम्बद्धानां अन्येषां व्यक्तिनां भूमिका उद्घाटिता भवितुम् अर्हति। नकलीपञ्जीकरणेषु साझेदारीस्तरं, अन्ये कर्मचारी वा अधिकारिणः वा सम्मिलिताः वा इति अपि निर्धारयितुं पुलिसाः प्रयतन्ते। अस्य घोटालेन उदघाटनेन सर्वकारस्य समर्थनमूल्यकधानक्रयणव्यवस्थायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। कृषकाः सामाजिकसंस्थाः च सम्पूर्णस्य विषये निष्पक्षतया अन्वेषणं कृत्वा अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि कृत्वा भविष्ये एतादृशीनां अनियमितानां निवारणं कर्तुं आग्रहं कृतवन्तः। स्थानीयनिवासिनः वदन्ति यत् सर्वकारीययोजनानां लाभः वास्तविककृषकाणां कृते प्राप्तव्यः, परन्तु एतादृशाः घोटालाः निर्धनकृषकाणां अधिकारेषु प्रत्यक्षः आक्रमणः एव।

विशेषज्ञानाम् मतं यत् ई-उपर्जन-पोर्टल् पारदर्शिता सुनिश्चित्य कार्यान्वितम्, परन्तु यदि तकनीकीव्यवस्था हेरफेरस्य दुर्बलं भवति तर्हि शासनस्य कृते गम्भीरचिन्ता उत्पद्यते। एषा घटना प्रशासनिकनिरीक्षणव्यवस्थायाः सत्यापनप्रक्रियायाः च दुर्बलताः अपि उजागरितवती अस्ति। यदि समये एव एतत् घोटालं न प्रकाशितं स्यात् तर्हि हानिः अधिकं वर्धयितुं शक्नोति स्म इति अधिकारिणः आशङ्कयन्ति। सरकारीस्त्रोतानां अनुसारं मण्डले धानक्रयणसम्बद्धानां सर्वेषां पञ्जीकरणानां, भुक्ति-अभिलेखानां च पुनः परीक्षणं कर्तुं शक्यते।

### रैपिड् एक्शन फोर्सः कर्मचारिणः आन्दोलनकारिणः विकीर्णं कर्तुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आन्दोलनकारिणः स्पष्टतया अवदन् यत् एषः विषयः वैफाई समुदायस्य आन्तरिकः विषयः अस्ति, अन्यस्य कस्यापि संस्थायाः हस्तक्षेपस्य आवश्यकता नास्ति। स्थितिं दुर्गतिम् दृष्ट्वा विधायकनिवासस्य समीपे नियोजिताः रैपिड् एक्शन फोर्स-कर्मचारिणः आन्दोलनकारिणः विकीर्णं कर्तुं कतिपयानि गोलानि प्रहारं कृतवन्तः। रात्रौ प्रायः १२:४५ वादने विरोधः पूर्णतया समाप्तः, सुरक्षाबलाः क्षेत्रस्य नियन्त्रणं कृतवन्तः। मणिपुरे विभिन्नसमुदाययोः मध्ये तनावः किञ्चित्कालात् निरन्तरं वर्धमानः अस्ति, येन राज्यस्य कानूनव्यवस्थायाः स्थितिः चुनौतीं ददाति। प्रशासनं सुरक्षासंस्थाश्च सततं स्थितिं निरीक्षन्ते, कस्यापि हिंसायाः निवारणाय कठोरपरिहारं च कुर्वन्ति। राज्यसर्वकारेण जनसामान्यं प्रति आह्वानं कृतम् यत् ते शान्तिं निर्वाहयन्तु, अफवासु ध्यानं न ददतु।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक मामलों की बात करें, तो आय बढ़ाने के तरीके सोचें। काम में अपनी हाल की सफलता पर विचार करें।

**वृषभ** : पैसों की योजना दोबारा देखें और नए निवेश के बारे में सोचें। काम में समस्याओं को समझदारी से हल करेंगे।

**मिथुन** : निवेश बढ़ाने के बारे में सोचें। परिवार के साथ रचनात्मक काम करें या बातें करें। ऑफिस में टीमवर्क से फायदा होगा।

**कर्क** : अपने करियर के लक्ष्य साफ रखें। परिवार के साथ समय बिताएं। किसी ऐतिहासिक या खास जगह पर जाना अच्छा लगेगा।

**सिंह** : आज काम थोड़ा सामान्य लगेगा, लेकिन नए तरीके अपनाने से सफलता मिलेगी। परिवार के साथ वक्त बिताएं।

**कन्या** : हल्की एक्सरसाइज करें और पानी पिएं। निवेश के नए मौके देख सकते हैं। काम में नई स्किल सीखना फायदेमंद रहेगा।

**तुला** : पैसों की योजना दोबारा देखें। काम में टीमवर्क से सफलता मिलेगी। परिवार के साथ खुश समय बिताएं।

**वृश्चिक** : साथ ही उनकी भी सुनें इससे परिवार में आपकी विश्वसनीयता और बढ़ेगी। साथ ही रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु** : करियर में नई योजना बनाएं। परिवार के साथ खुशी के पल मिलेंगे। नई जगह घूमने जा सकते हैं।

**मकर** : हल्की एक्सरसाइज और गहरी सांस लें। बचत की योजना बनाएं। यात्रा से पहले तैयारी करें।

**कुंभ** : परिवार के साथ बाहर जाएं। नई जगह घूमने से प्रेरणा मिलेगी। घर में सुधार फायदेमंद रहेगा।

**मीन** : परिवार के साथ समय बिताएं। पास की सुंदर जगह घूमने जा सकते हैं। प्रॉपर्टी में धीरे-धीरे प्रगति होगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# ग्रहण के बाद अब सूर्य करेंगे राहु के नक्षत्र में प्रवेश, इन 4 राशियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

ग्रहण के तुरंत बाद सूर्य का राहु के नक्षत्र में प्रवेश कुछ राशियों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को सतर्क रहने की जरूरत है और वे कौन-से उपाय अपनाएं।

फरवरी माह में सूर्य का गोचर राहु के अधिपत्य वाले शतभिषा नक्षत्र में होने जा रहा है। यह परिवर्तन 19 फरवरी को, वर्ष के पहले सूर्य ग्रहण के ठीक एक दिन बाद होगा। ऐसे में ग्रहण के तुरंत बाद सूर्य का राहु के नक्षत्र में प्रवेश कुछ राशियों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को सतर्क रहने की जरूरत है और वे कौन-से उपाय अपनाएं।



**कर्क राशि-** सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन आपके जीवन में अस्थिरता ला सकता है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। पैसों से जुड़े मामलों में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करना नुकसानदेह हो सकता है। उपाय के रूप में सूर्य बीज मंत्र झ ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः का नियमित जप लाभकारी रहेगा।

**कन्या राशि-** कार्यस्थल पर सतर्क रहना जरूरी होगा। ऑफिस की राजनीति से दूरी बनाए रखना ही बेहतर रहेगा। विरोधियों से सावधान रहें और परिवार में बातचीत करते समय संयमित भाषा का प्रयोग करें। नकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से दूरी बनाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। उपाय स्वरूप प्रतिदिन सूर्य देव को जल अर्पित करें।

**वृश्चिक राशि-** राहु नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश आपके आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकता है। भावनात्मक रूप से आप अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। यात्रा करते समय सतर्कता बरतें और करियर से जुड़े बड़े निर्णय बिना सलाह के न लें। उपाय के तौर पर ह्यॐ घृणि सूर्याय नमःह्ल मंत्र का जप करना शुभ रहेगा।

**मीन राशि-** नक्षत्र परिवर्तन के बाद आपको अपनी दिनचर्या और खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा, अन्यथा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां उभर सकती हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें और अनावश्यक खर्च से बचें। क्रोध और आवेश से दूरी रखना आपके हित में रहेगा। उपाय के रूप में तांबे के पात्र में रखा पानी पीना लाभकारी माना गया है।

## खबर एक नजर...

### बाथरूम के पानी को लेकर रिश्तेदारों में चली लाठियां

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में शर्मा परिवार के 2 पक्षों में बाथरूम का गंदा पानी घर के सामने निकालने की बात पर विवाद हो गया। दोनों परिवारों ने एक-दूसरे पर लाठियों से हमला किया। मामला थाने पहुंचने पर एक पक्ष के महेन्द्र पिता हरिनारायण शर्मा ने आरोप लगाया कि बडे पापा राधेश्याम शर्मा को बाथरूम का पानी रोड पर निकालने की बात पर गाली गलौच की जा रही थी। वह बीच-बचाव में गया था उसके साथ मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष से जितेन्द्र पिता शंकरलाल शर्मा का आरोप था कि राधेश्याम शर्मा द्वारा बाथरूम का पानी घर के सामने रोड पर निकाला जाता है, उन्हे मना किया तो लाठी से हमला किया गया। बीच बचाव में आये अनिल शर्मा के साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया और घायलों को मेडिकल परीक्षण कराया।

### वृद्धा को बचाने पहुंचे युवक पर पिता-पुत्रों ने किया हमला

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम पानबिहार में दो भाईयों बबलू और राजेन्द्र का अपने पिता भागीरथ से विवाद हो रहा था। पिता-पुत्रों को झगड़ा करते देख गांव में बुआ के नाम से जानी जाने वाली दुलीबाई उन्हे समझाने पहुंची। तीनों ने बुआ के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता शुरू कर दी। बुआ के साथ विवाद होता देख गांव में रहने वाला कुलदीप देवड़ा बीच-बचाव करने पहुंच गया। कुलदीप को देख पिता-पुत्र भड़क गये और लाठियों से हमला कर दिया। कुलदीप बेवजह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये मंगलवार-बुधवार रात चरक अस्पताल लाया गया। मामले में पानबिहार चौकी पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपी पिता-पुत्रों की तलाश शुरू की है।

### जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में 2 यात्रियों का सामान चोरी

**उज्जैन।** जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में एक बार फिर सफर कर रहे यात्रियों का सामान चोरी होना सामने आया है। यात्रियों की शिकायत पर जीआरपी ने मामलों की जांच शुरू की है। बताया जा रहा है कि रजेश अग्रवाल निवासी अजमेर ट्रेन से किशनगढ़ की यात्रा कर रहे थे। नींद लगने पर बदमाश उनका हजारों रुपए कीमत का मोबाइल चोरी कर ले गये। बदमाशों ने ट्रेन में ही दूसरी वारदात को भी अंजाम दिया और हिना पति मजहर खान का पर्स चोरी कर लिया। जिसमें मोबाइल, 12 हजार रुपए नगद और दस्तावेज रखे थे। हिना उज्जैन की रहने वाली और अपने पति के साथ उज्जैन लौट रही थी। भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस में पहले भी यात्रियों का सामान चोरी होना सामने आ चुका है। यहीं नहीं लम्बी दूरी की ट्रेनों में लगातार बदमाश यात्री बनकर चोरियों को अंजाम दे रहे है। ट्रेनों के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर मामले समाने आ रहा है। कई मामलों में वारदात स्थल दूसरे शहरों का होने पर जीआरपी द्वारा जीरों पर प्रकरण दर्ज कर जांच के लिये भेज रही है।

### रोजवास टोल नाके पर कार सवारों ने की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के एबीरोड रोजवास टोल पर रात में कार में सवार 4-5 लोगों ने जमकर गदर मचाया और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ की। कार सवारों ने वहां लगा कैमरा, बेरियर, स्टीक केबल, एंटिना केबल, एम्बर लाईट, सायरन डिस्प्ले बोर्ड, फॉग लाइट, ट्रेफिक लाइट, बुथ केबिन सभी क्षतिग्रस्त कर दिया था। टोल कर्मचारी शिवेन्द्र पिता विनय कुमार राजपूत निवासी बलिया उत्तरप्रदेश हाल मुकाम रोजवास टोल ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले कार सवार शाजापुर की ओर भाग निकले थे। शिवेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले हिन्दू संगठन जुड़े होना बताये जा रहे है। जो बिना टोल चुकाये निकलने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस कार नम्बर ट्रेस कर आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 230-5 | 490-5 |
| मेन बाजार | 456-5 | 266-4 |
| मिलन डे | 190-0 | 246-2 |
| मिलन नाइट | 445-3 | 288-8 |

1 4 6

## श्रीपुरम कालोनी में चोरी, लाइट नहीं होने पर बंद मिले कैमरे

# रात में सूना था मकान, सुबह टूटे मिले ताले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अस्पताल में भर्ती 80 साल की मां की देखरेख में लगा पुत्र बुधवार सुबह घर लौटा तो मकान का ताला टूटा मिला। रात में मकान सूना होने पर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने फिंगर टीम की मदद से जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर-5 मार्ग पर ब्रिज के पास बनी श्रीपुरम कालोनी में राजीव द्विवेदी का मकान बना हुआ है। वह सोलर प्लांट एजेंसी का काम करता है और अपनी 80 साल की माता कृष्णा द्विवेदी के साथ रहता है। मां की तबीयत ठीक नहीं होने पर निजी अस्पताल में भर्ती किया था। बुधवार को हार्ट का आपरेशन होना था। मंगलवार रात वह मां की देखभाल के लिये अस्पताल में रूका था। सुबह ऑपरेशन के लिये मां को दूसरे अस्पताल रैफर किया गया, इस दौरान राजीव घर लौटा। लेकिन मकान के मेन गेट पर लगा ताला टूटा था। अंदर गेट का इंटर लॉक और कमरे में लगा ताला भी टूटा हुआ मिला। सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारी





खुली हुई थी। जिसमें रखे नगद रुपए और सोने के आभूषण गायब थे। राजीव ने आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना देकर मां के ऑपरेशन के लिये अस्पताल लौट गया। दोपहर में चिमनगंज थाना पुलिस और फिंगर प्रिंट टीम श्रीपुरम कालोनी पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि कालोनी में स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। रात में अंधेरा रहता है, आसपास लगे कैमरे भी बंद पड़े थे। पुलिस ने कालोनी के रास्तों को ट्रेस किया तो राजीव के घर में रखा बिस्किट का डिब्बा कुछ दूर खाली प्लाट पर पड़ा मिला। जिससे आशंका जताई कि चोरी के बाद बदमाश पैदल भागे है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार राजीव द्विवेदी के अस्पताल से लौटने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया जायेगा, फिलहाल चोरों का पता लगाने के लिये एक टीम गठित की गई है।

### 18 दिनों में चोरी की 5 वारदात

फरवरी माह के 18 दिनों में चोरों ने तीन थाना क्षेत्र में पांच चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। एक स्थान पर चोरी का प्रयास होना सामने आया है। सबसे पहले 8 फरवरी को नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महानंदानगर में राजेन्द्र भार्गव और बंसत बिहार में विकास पंवार के मकान में चोरी होना सामने आया था। 14 फरवरी को बदमाश चिमनगंज थाना क्षेत्र की अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में सुमित पंवार के मकान पर पहुंचे थे। 16 फरवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र में कंठाल चौराहा पर रॉयल मेडिकल पर चोरों ने धावा बोला था और सतीगेट स्थित बाफना नमकीन में वारदात का प्रयास किया था।

### 2 कैमरों में दिखी युवती-महिला

अब तक हुई पांच स्थानों पर चोरी की वारदात में पुलिस को महानंदा नगर में स्थित मकान के बाहर से बदमाशों के फुटेज मिले है। जिसमें 2 बदमाशों के साथ स्कूटी पर सवार एक युवती दिखाई दी है। वहीं रॉयल मेडिकल में हुई चोरी के बाद सामने आये फुटेज में बाइक सवार 2 बदमाशों के साथ एक महिला होना सामने आ चुकी है। लेकिन अब तक चोरी करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस लगातार बदमाशों के रूट ट्रेस करने में लगी है। लेकिन अब तक सुराग नहीं मिल पाया है।

## गिरफ्त में कमीशन का लालच देकर खाते खुलवाने वाला आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरीब बस्ती में रहने वाले लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके खाते खुलवाने के बाद सायबर धोखाधड़ी और अवैध ट्रेडिंग में उपयोग करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि आगररोड मंगलनगर में रहने वाले विशाल पिता शिव चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान कुछ दिन पहले कोयला फाटक पर वाजिद पिता शरीफ जलावत उम्र २९ वर्ष निवासी चन्द्रवतीगंज जिला इंदौर से हुई थी। वाजिद ने खुद को राष्ट्रीयकृत बैंकों में खाते खुलवाने वाला बताया और कहा कि खातों का उपयोग वह लेनदेन में करेगा, जिसके बाद उसे अच्छा कमीशन मिलेगा। उसके द्वारा खाता खुलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए लोगों के खाते खुलवाने वाले



वाजिद की तलाश शुरू की गई। बुधवार को वाजिद हिरासत में आ गया। जिसे कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि 35 से 40 लोगों का गिरोह है। मुख्य सरगना शोएब है। जिसके साथ कई लोग खाते खुलवाने का काम करते है। गिरोह से जुड़े साथियों की जानकारी जुटाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेंगें।

## पुत्र की शादी से 10 दिन पहले पिता की दुर्घटना में मौत

### पत्रिका बांटकर लौट रहे थे पुलिस ने दिया सीपीआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुत्र की शादी होने पर पिता पत्रिका बांटने निकले थे। मंगलवार रात कार ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर पुलिस ने घटनास्थल पर सीपीआर दिया और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ घंटे बाद घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने कार को जप्त किया है। चालक की तलाश जारी है।

नरवर के ग्राम कड़छली में रहने वाले कालूराम वाघेला 55 साल के पुत्र अभिषेक का 28 फरवरी को विवाह होना है। 22 फरवरी को माता पूजन था। कालूराम शादी की पत्रिका बांटने के लिये मंगलवार को बड़नगर गया हुआ था। जहां से देर शाम वापस बाइक से



लौट रहा था। बड़नगर मार्ग पर चंदूखेड़ी और रत्नाखेड़ी के बीच बिना नम्बर की क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। कालूराम गंभीर घायल हो गया था, उसकी सांसे थम सी गई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चिंतामण गणेश थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कालूराम को सीपीआर दिया। उसकी सांसे चलने लगी थी, एम्बुलेंस के आते ही चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डेढ़ घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चालक कार छोड़कर भाग निकला था, कार को जप्त किया है। नम्बर नहीं होने पर चालक का पता लगाने के लिये आरटीओ से जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी हेमराज यादव के अनुसार जल्द कार चालक का पता लगाकर उसे गिरफ्तार किया जायेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर बुधवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

शादी की खुशियां मातम में बदली

दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार अस्पताल पहुंच गया था, लेकिन कुछ देर बाद कालूराम की मौत होने पर परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। शादी में शामिल होने के लिये आने वाले रिश्तेदारों को गमी में शामिल होने के लिये आना पड़ गया। ग्राम कडछली में भी कालूराम के निधन की खबर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया था।

## पत्नी के साथ पहुंचा था बड़नगर, 24 घंटे में पकड़ाया

# लॉकर तोड़कर भतीजे ने चुराया था 10.45 लाख का माल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लॉकर तोड़कर की गई 10.45 लाख की चोरी का 24 घंटे में खुलासा हो गया। चोरी को परिवार के सगे भतीजे ने अंजाम दिया था। आरोपी को बड़नगर थाना पुलिस ने उज्जैन के नागझिरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मिर्ची बाजार में रहने वाले नंदकिशोर पिता बाबूलाल अनावडिया की पुत्री का कुछ दिन पहले विवाह हुआ था। 16 फरवरी को पुत्री के ससुराल में रिसेप्शन रखा गया था। अनावडिया परिवार रिसेप्शन में शामिल होने इंदौर चला गया था। घर पर





नंदकिशोर की बुजुर्ग मां कलाबाई और मौसी गीताबाई मौजूद थे। रात में 12.30 बजे परिवार इंदौर से लौटा तो पता चला कि ऊपर कमरे में लॉकर टूटा हुआ है। जिसमें रखे आभूषण और हजारों की नगद राशि गायब है। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची और घर में मौजूद बुजुर्ग मां और मौसी से पूछताछ की गई। इस दौरान सामने आया कि नंदकिशोर का भतीजा चंद्रशेखर उर्फ चिंटू पिता राजेन्द्र कटेसारिया निवासी देपालपुर हाल मुकाम नागझिरी उज्जैन आया था। जिससे परिवार की बातचीत बंद है। संदेह के आधार पर पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया और 24 घंटे में उज्जैन पहुंचकर बुधवार शाम नागझिरी पुलिस की मदद से चंद्रशेखर को हिरासत में ले लिया। उसके घर से चोरी के आभूषण एक सोने की चेन, 2 अंगूठी, चार जोड़ चांदी की बिछिया, सोने की नथ, 2 सोने की चूड़ियां और 73 हजार रुपए नगद बरामद कर लिये। 10.45 लाख का मश्रुका बरामद होने पर आरोपी भतीजे को बड़नगर ले जाया गया है। बड़नगर थाना प्रभारी के अनुसार 24 घंटे में मामले का खुलासा करने में एसआई चांदनी पाटीदार, नारायण वास्कले, गोवर्धन बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर, हेमराज खरे के साथ नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल का सहयोग रहा।

**दादी के पड़े पैर, पत्नी को बैठाया पास-** बताया जा रहा है कि काफी समय से नंदकिशोर और उसके भतीजे चंद्रशेखर के बीच बातचीत बंद है। चंद्रशेखर को चाचा के परिवार के शादी होने की जानकारी थी और परिवार के इंदौर रिसेप्शन में जाने का पता था। चंद्रशेखर कार से पत्नी के साथ उज्जैन से बड़नगर पहुंचा था। दादी उसे देख अंचभित हुई थी लेकिन उसने पैर पड़े और पत्नी को दादी के पास बैठाकर नजर बचाते हुए ऊपर कमरे में चला गया। जहां लोहे के सरिये से लॉकर तोड़कर आभूषण और नगदी से भरा बेग लेकर भाग निकला था। बताया जा रहा है आरोपी भतीजा फायनेंस कंपनी में काम करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com